नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



पेज -3 पर
बस्तर में कृमि से बचाव के लिये बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल की .....

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 286 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 24 अगस्त 2022



बेमेतरा जिला के निषाद समाज के कवियों का हुआ सम्मान... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिवस पर राष्ट्रपति सुश्री द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके, कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, राष्ट्रीय नेताओं और राष्ट्रीय मीडिया के प्रतिनिधियों ने विभिन्न माध्यमों से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति सुश्री मुर्मू, प्रधानमंत्री श्री मोदी, लोकसभा अध्यक्ष श्री बिड़ला और राज्यपाल सुश्री उइके ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री श्री बघेल को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की है। वहीं केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री श्री बघेल से फोन पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। वहीं राज्य के मंत्रीगण श्री टीएस सिंहदेव, श्री ताम्रध्वज साहू, श्री रविन्द्र चौबे, श्री मोहम्मद अकबर, श्री कवासी लखमा, श्री जयसिंह अग्रवाल, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, डॉ. शिवकुमार डहरिया, श्री गुरू रूद्र कुमार, श्रीमती अनिला भेंड़िया समेत संसदीय सचिवों व निगम-मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से सप्रेम भेंटकर जन्मदिवस पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। साथ ही राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी मुख्यमंत्री को बधाई देने पहुंचे थे।









### लड्डुओं से तौले गए मुख्यमंत्री, गजमाला पहनाया

मुख्यमंत्री श्री बघेल को उनके जन्मदिन पर बधाई देने मौजूद लोगों ने अलग-अलग तरह से अपना प्रेम और अपनी भावनाएं प्रकट कीं। इस मौके पर लोगों ने अपने प्रिय मुख्यमंत्री को लड्डुओं से तौला। वहीं अनेक लोगों ने गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचा पिहरीद का राहुल

मुख्यमंत्री श्री बघेल के जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने के लिए पिहरीद (जांजगीर-चाम्पा) का राहुल साहू अपनी मां के साथ बधाई देने पहुंचा।

## केंद्र सरकार के खिलाफ राजभवन पहुंचे आदिवासी विधायक

### वन संरक्षण नियम में बदलाव रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग, कहा - केंद्र सरकार से बात कीजिए




**रायपुर।** कांग्रेस के आदिवासी विधायकों ने वन संरक्षण नियम में बदलाव के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा की अगुवाई में विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्यपाल अनुसूईया उइके से मिलने पहुंचा। विधायकों ने नियम बदलने से जुड़ी आशंकाओं पर चर्चा की। विधायकों ने राज्यपाल से कहा, वे आदिवासी क्षेत्रों की संरक्षक है। ऐसे में केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर बात करें।

मुलाकात के बाद प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बताया, केंद्र सरकार ने वन (संरक्षण) नियम में बदलाव के लिए अधिसूचना जारी की है। इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं जो वन अधिकार कानून और पेसा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस बदलाव से इस बात का खतरा मंडराने लगा है कि जंगल की जमीन पर बड़ी कंपनियों का कब्जा हो जाएगा।

## एक नजर

### भाजयुमो बोलेगा हल्ला, जुटेंगे एक लाख से ज्यादा युवा

#### भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या करेंगे नेतृत्व

**रायपुर ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विगत एक महीने से प्रदेश सरकार के खिलाफमोर्चा खोल रखा हैं। भाजयुमो लगातार प्रदेश सरकार पर विकराल होती बेरोजगारी और युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर हो रहे अन्याय के खिलाफ़ हल्ला बोल रहा हैं। भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी उमेश घोरमोड़े ने बताया कि भाजयुमो लगातार पोस्टरवार, वॉल राइटिंग, विधानसभा, जिला स्तर पर एसडीएम और कलेक्ट्रेट घेराव कर छत्तीसगढ़ के युवाओं की आवाज बुलंद कर चुका हैं। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में मंडल स्तर पर बेरोजग़ारी टेंट लगाकर युवाओं से फॉर्म भी भरवाया है। इसी क्रम में भाजयुमो कार्यकर्ता भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में 24 अगस्त को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर हल्ला बोलेंगे और मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर प्रदेश सरकार के खिल़ाफ़ मोर्चा खोल छत्तीसगढ़ के युवाओं की आवाज बुलंद करेंगे। भाजयुमो के हल्ला बोल आंदोलन में प्रदेशभर से लाखों की संख्या में युवा रायपुर में जुटेंगे जिसका नेतृत्व करने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या राजधानी रायपुर आ रहे हैं।

### *छत्तीसगढ़ में रोजगार पर तकरार*

## बीजेपी के स्टॉल पर 2.8 लाख बेरोजगारों के फॉर्म आए- डी.पुरंदेश्वरी

रायपुर। मंगलवार को भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी.पुरंदेश्वरी रायपुर पहुंची। भाजपा के माना स्थित प्रदेश कार्यालय में उन्होंने मीडिया से चर्चा की। दरअसल, भाजपा 24 अगस्त बुधवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर रायपुर में ही बड़ा विरोध प्रदर्शन, हल्लाबोल कार्यक्रम करने जा रही है।



**छत्तीसगढ़ में CMIE के आंकड़ों पर बेरोजगारी दर कम होने का दावा किया जाता है। उनका सर्वे तो महज 23 हजार लोगों पर हुआ। कांग्रेस के दावों से धरातल का सच नहीं बदलेगा।**
**-डी.पुरंदेश्वरी, प्रदेश प्रभारी, BJP**

प्रेस से बातचीत में डी.पुरंदेश्वरी ने जो कुछ कहा उससे भाजपा और कांग्रेस के बीच रोजगार के मुद्दे पर तकरार होती दिखी।

पुरंदेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस दावा करती है कि प्रदेश में बेरोजगारी की दर सबसे कम है। मगर हमारे युवा मोर्चा ने जब प्रदेश के मंडल और जिला स्तर पर बेरोजगारी स्टॉल लगाए तो 2.8 लाख से अधिक बेरोजगारों के आवेदन हमें मिले रोजगार के लिए। ये ऑफलाइन आवेदनों की संख्या है और भी आवेदन हमारे पास आ रहे हैं।

### प्रदर्शन से पहले परेशानी

## बीजेपी के प्रदर्शन से पहले रात को ही राजधानी की सड़कों पर बैरिकेडिंग, जाम लगा, एंबुलेंस फंसीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार शाम से ही शहर की प्रमुख सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दी गई। शाम के वक्त हैवी ट्रैफिक होने की वजह से लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।






कई जगहों पर जाम के हालात बने। कुछ एंबुलेंस भी सड़क पर ट्रैफिक में फंसी नजर आईं, जिन्हें वक्त पर मरीज को अस्पताल पहुंचाना था। मोती बाग रोड, सिविल लाइन रोड, घड़ी चौक जैसे इलाकों पर बैरिकेडिंग की गई है। सड़क में सिर्फ एक कार गुजर सके इतनी जगह प्रशासन ने छोड़ी है। देर रात यह स्पेस भी बंद कर दिया जाएगा और यह सड़क में पूरी तरह से प्रतिबंधित हो जाएंगी।

यह बैरिकेडिंग और सख्ती इस वजह से है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी बुधवार की सुबह रायपुर में बेरोजगारी के मुद्दे पर मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। जिसके लिए बीजेपी नेता लंबे समय से तैयारियों में जुटे हुए थे। अब बुधवार को बड़े प्रदर्शन की तैयारी है।

नगर निगम मुख्यालय के पास भारतीय जनता पार्टी को आम सभा करने के लिए मंच बनाने की अनुमति दी गई है, इसके अलावा सीएम हाउस की ओर जाने वाली तमाम सड़कों को बंद कर दिया गया है।

### रात से ही पुलिस की तैनाती

सुभाष स्टेडियम, घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, नगर निगम मुख्यालय, सिविल लाइन जैसे इलाकों में पुलिस की टीमों को रात से ही तैनात कर दिया गया है। सभी जगहों पर इस बात को अफसर पुख्ता कर रहे हैं कि किसी भी सूरत में भारतीय जनता पार्टी के नेता मुख्यमंत्री निवास के करीब नहीं पहुंचें।

### छत्तीसगढ़ में शिवनाथ एक्सप्रेस डिरेल

## राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में 2 कोच पटरी से उतरे; नागपुर रूट की 7 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार तड़के डिरेल हो गई। डोंगरगढ़ में गाड़ी क्रमांक 18239 शिवनाथ एक्सप्रेस के 2 कोच के 5 पहिए पटरी से उतर गए। कोच SEC 134400 और SEC 084114 के 5 पहिए डोंगरगढ़ यार्ड में बेपटरी हुए हैं। ट्रेन कोरबा से महाराष्ट्र के इतवारी (नागपुर) जा रही थी। फिलहाल हादसे में किसी यात्री के नुकसान की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के उच्च अधिकारी नागपुर से मौके पर पहुंचे और पटरी के साथ ही डिब्बे का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। रेल हादसे के कारण 7 से ज्यादा गाड़ियों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोक दिया गया था। इसके चलते ये गाड़ियां दो से तीन घंटे की देरी से चल रही हैं। फिलहाल हादसे की वजहों का पता नहीं चल सका है।



## सीएम भूपेश बघेल को जन्मदिन पर बधाई देने उमड़ा जन सैलाब

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्मदिन पर मंगलवार को बधाईयो का तांता लगा रहा। सुबह से ही सीएम आवास रायपुर में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।नेताओं व समर्थकों ने श्री बघेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। श्री बघेल को मोबाइल फोन पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के भी बधाई संदेश मिले हैं, वहीं प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों,आयोग अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो ने सीएम आवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन को लेकर कांग्रेसजनों के अलावा प्रदेश की जनता में खासा उत्साह था। फलस्वरुप भूपेश समर्थकों ने इस अवसर को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कई कार्यकर्ताओं ने जहां श्री बघेल का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी, वहीं कई ने केक काटकर व जमकर आतिशबाजी कर जन्मदिन की जोरदार खुशियां मनाई।





### दंतेवाड़ा में सड़क पर मिली लाश,

## नक्सल पर्चे में लिखा- पुलिस के मुखबिर को सजा दी गई

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में कच्ची सड़क में एक युवक का शव मिला है। शव के हाथ और पैर में रस्सी बंधी है। युवक की हत्या कर शव सड़क पर फेंका गया है। शव के पास नक्सलियों के कटेकल्याण एरिया कमेटी का पर्चा मिला है, जिसमें लिखा है मुखबिरी के शक में बुधराम को मारा गया है। फिलहाल शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। मामला कटेकल्याण थाना क्षेत्र का है। दंतेवाड़ा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह तुमकपाल गांव के गुड़से चौक के नजदीक एक युवक का शव पड़ा मिला। सुबह जब ग्रामीण घरों से निकले तब उन्हें इसकी जानकारी हुई। गांव के मुखिया को सूचना दी गई, जिसके बाद यह मामला कटेकल्याण थाने तक पहुंचा। हत्या कर शव सड़क पर फेंकने का अनुमान पुलिस लगा रही है।



### राजनीति..

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर महुदा में कार्यक्रम

## पुरखों का देखा छत्तीसगढ़ के विकास का सपना पूरा हुआ - भूपेश बघेल

रायपुर। हमारे पुरखों ने समृद्ध छत्तीसगढ़ का जो सपना देखा था। उसे पूरा करने हम प्रयास कर रहे हैं। खेती किसानी और समाज के हर वर्ग के लोगों की बेहतरी के लिए लायी गई योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ में समृद्धि दिखती है।



हर जन्मदिन में पाटन के लोगों से और छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोगों से बहुत प्यार मिलता है। आपके स्नेह से हमें ऊर्जा मिलती है और हम प्रदेश की बेहतरी के लिए योजनाएं बनाते हैं, जिसका लाभ प्रदेश की समृद्धि के रूप में दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने यह संदेश महुदा में आयोजित सम्मेलन में दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने ऐसे छत्तीसगढ़ का सपना देखा था , जिसमें हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के खानपान, संगीत,लोक जीवन को पहचान मिले। हमने इसके लिए निरंतर कार्य किया है और हमें इस बात का गर्व है कि छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा हम निरंतर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में हमने खेती किसानी को मजबूत किया। गांवों को मजबूत किया। इससे पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था विकसित हुई। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया है। यह योजना कृषि हित के लिए बड़ी योजना साबित हुई है। खेती किसानी को बढ़ावा देने वाली इससे अच्छी योजना देश में कोई नहीं। इससे किसानों का खेतों में रूझान लौटा है। उनके श्रम को उचित प्रतिफल मिल रहा है। इससे गांवों से शहरों में पलायन रूका है।



### छत्तीसगढ़ में फिर से होगी बारिश

## 3 दिनों तक राहत के बाद कल से वर्षा योग; अधिकांश हिस्सों में सामान्य बरसात के आसार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीन दिनों तक भारी और अनवरत बरसात से राहत देने के बाद मानसूनी बादल फिर से लौट रहे हैं। बुधवार से एक बार फिर बादलों की गतिविधियां बढ़ जाएंगी। 25 अगस्त से अगले तीन-चार दिनों के लिए बरसाती गतिविधियां बढ़ेंगी। इस बार भारी बारिश की संभावना कम बन रही है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, मानसून का अधिकतर हिस्सा बीत चुका है। ऐसे में वर्षा गतिविधियां अब ढलान की ओर हैं। इन दो-तीन दिनों के ब्रेक के बाद एक बार फिर वर्षा गतिविधियां बढ़ने वाली हैं। 24 अगस्त से पूरे प्रदेश में बादल बढ़ेंगे। सामान्य वर्षा होगी। 25 अगस्त से 27 अगस्त तक प्रदेश के अधिकांश हिस्से में बरसात होने की संभावना बन रही है। इस दौरान अभी भारी बरसात की संभावना कम है। लेकिन अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बरसात होती रहेगी। इसकी वजह से हवा में नमी बनी रहेगी। तापमान भी कम होगा। अगस्त के बाद वर्षा गतिविधियां धीरे-धीरे कम होती जाएंगी।



# आर्थिक विकास की दरकार, तंग चल रही वित्तीय स्थिति और ज्यादा बिगाड़ रही

*बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिजली क्षेत्र की प्रगति को प्रभावित करने वाले एक महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ देश का ध्यान खींचा है। आर्थिक विकास में बिजली क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए, उन्होंने राज्य सरकारों से बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) का बकाया भुगतान करने की अपील की है। डिस्कॉम का नुकसान और बकाया-एक गंभीर समस्या है। पॉवर फाइनेंस कॉरपोरेशन की 2019-20 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 29 में डिस्कॉम घाटे में चल रही हैं।*

2019-20 तक, डिस्कॉम का कुल घाटा पांच लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, और उनकी उधारी वर्ष 2010-20 की तुलना में ढाई गुना बढ़ गई। कोरोना महामारी के दौरान डिस्कॉम के नुकसान और कर्ज में और बढ़ोतरी हो गई है। डिस्कॉम के संकट का एक प्रमुख कारण दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है, जिसमें सरकारी विभागों और राज्य सरकारों से लंबित भुगतान/सब्सिडी की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत, और निजी उपभोक्ताओं (मुख्य रूप से घरेलू कनेक्शन) का बकाया 30 प्रतिशत है।

इसे हल करने के लिए राज्यों और डिस्कॉम को इन तीन प्रमुख उपायों पर केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए। पहला, छह राज्यों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जिन पर डिस्कॉम के लंबित भुगतान का तीन-चौथाई हिस्सा बकाया है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। सरकारी विभागों से डिस्कॉम के बकाये का निपटान करने के लिए, संबंधित राज्य अपने बजटीय आवंटन में से चरणबद्ध रूप से अग्रिम कटौती करने के बारे में विचार कर सकते हैं। दूसरा, राज्यों को अपने सीमित वित्तीय संसाधनों के कुशल उपयोग और बिजली को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करने की संस्कृति बनाने के लिए बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने और लक्षित करने की दिशा में काम करना चाहिए। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट ऐंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के अध्ययन के अनुसार, सात राज्यों को छोड़कर, 2016-20 के दौरान अधिकांश राज्यों में बिजली दर (टैरिफ) में सब्सिडी पर निर्भरता में बढ़ोतरी हुई है।




भारत, पहले ही कई तरीकों से ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के मामले में अपने नेतृत्व को दुनिया के सामने प्रदर्शित कर चुका है। इसमें रिकॉर्ड समय में गांवों और घरों का विद्युतीकरण, और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक बनने जैसी उपलब्धियां शामिल हैं।

मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब और कर्नाटक उन शीर्ष राज्यों में शामिल हैं, जहां डिस्कॉम अपने कुल राजस्व के 30 प्रतिशत या उससे ज्यादा हिस्से के लिए टैरिफ सब्सिडी पर निर्भर हैं। बिजली पर सब्सिडी में बढ़ोतरी, राज्यों की पहले से तंग चल रही वित्तीय स्थिति और ज्यादा बिगाड़ रही है। इसलिए, राज्यों को केवल कमजोर और योग्य उपभोक्ताओं को ही सब्सिडी देनी चाहिए। इसके अलावा, राज्यों को पीएम-कुसुम योजना के तहत किसानों के बीच सोलर पंप जैसे सिंचाई के साधनों को बढ़ावा देना चाहिए।

तीसरा, डिस्कॉम को हाल ही में शुरू की गई 'रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर' (आरडीएस) योजना के तहत उपलब्ध विभिन्न वित्तीय और तकनीकी मदद का पूरी सक्रियता के साथ लाभ उठाना चाहिए। तीन लाख करोड़ रुपये की इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2025 तक डिस्कॉम को अपना घाटा 12-15 प्रतिशत तक घटाने में मदद करना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए डिस्कॉम को अपने सभी बिजली कनेक्शन के साथ स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मजबूत करने की जरूरत है।

भारत, पहले ही कई तरीकों से ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के मामले में अपने नेतृत्व को दुनिया के सामने प्रदर्शित कर चुका है। इसमें रिकॉर्ड समय में गांवों और घरों का विद्युतीकरण, और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक बनने जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। अब हमारे पास और भी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं। अब हम 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता स्थापित करना, और 2070 तक नेट-जीरो (कार्बन न्यूट्रल) अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। इन लक्ष्यों को पाने के लिए, राज्यों को निश्चित तौर पर केंद्र के साथ मिलकर बिजली क्षेत्र को स्वस्थ व मुश्किलों को सहने में सक्षम बनाना होगा।

शालू अग्रवाल

## संपादकीय

### बिलकीस बानो के सवाल

बलात्कारियों या हत्यारों के प्रति नरम रुख अपनाने वाला समाज असल में धीरे-धीरे खुद को सभ्यता से दूर करता चला जाता है। इसके दुष्परिणाम सभी नागरिकों को भुगतने पड़ते हैं। गुजरात के 2002 के दंगों की एक प्रमुख शिकार बिलकीस बानो ने अगर कहा है कि भारतीय न्याय व्यवस्था से संरक्षण पाने का उनका भरोसा टूट गया है, तो इसके लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जब किसी देश में न्याय और अपराध की व्याख्या और उन पर अमल ठोस साक्ष्यों के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक- वैचारिक हितों के आधार पर होने लगे, तो उसकी वजह से उत्पीड़ित लोगों से आखिर और क्या अपेक्षा की जा सकती है? बिलकीस बानो का मामला ऐसा नहीं है, जिसमें राहत पाने वाले लोग आरोपी हैं। बल्कि वे सजायाफ्ता हैं, जिनके दंड की पुष्टि सर्वोच्च न्यायालय से हुई थी। फिर गुजरात सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के दिन उन अपराधियों की सजा माफी खुद अपने इस दिशानिर्देश को तोड़ते हुए दी कि बलात्कार और अन्य जघन्य अपराध के दोषी लोगों को सजा माफी नीति का लाभ नहीं मिलेगा। एक दशक पहले सजा माफी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ दिशानिर्देश तय किए थे। तब उसने ऐसे सभी मामलों को न्यायिक समीक्षा के दायरे में ला दिया था। क्या पहली दृष्टि में यह नहीं लगता कि बिलकीस बानों के मामले में लिया गया फैसला तब न्यायालय जिन भावनाओं से प्रेरित था, उनका भी उल्लंघन है? सजा माफी की इस घटना आज देश के सामने फिर से यह यक्ष प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारत आधुनिक न्याय व्यवस्था और कानून के राज के सिद्धांत से चलेगा- या यहां अपराध, न्याय और कानून की धारणाएं सत्ता पक्ष के हितों से तय होंगी?

# जनता के पैसे के इस्तेमाल पर बहस कब? मुफ्त की रेवड़ियों पर तुमुल कोलाहल

*राजनीति के मैदान में मुफ्त की रेवड़ियों पर तुमुल कोलाहल है। संकेतों, पूर्व धारणाओं और आरोपों की भीषण प्रतिद्वंद्विता चल रही है। रेवड़ियों के मामले में कोई भी राजनीतिक पार्टी पाक-साफ होने का दावा नहीं कर सकती। इस मामले में राजनीतिक संवाद की जरूरत तो है, पर नारेबाजी और शब्दाडंबरों के जरिये वास्तविक संवाद का रास्ता रोक दिया गया है। मौजूदा स्थिति व्यापक विमर्श की मांग करती है।*

इस मुद्दे पर जनता के ध्यान को तात्कालिक समझ लेने और रेवड़ियों को सिर्फ चुनावी लाभ तक सीमित मान लेने की गलती हो सकती है। यह परिभाषित करने की जरूरत है कि मुफ्त की रेवड़ियां क्या हैं। इसकी लागत और इसके सांविधानिक कवच पर भी बहस होनी चाहिए। जनता की चिंता कई बार सार्वजनिक खर्च और करदाताओं का पैसा खर्च करने के मामले में सरकारी दूरदर्शिता की कमी के कारण पैदा गुस्से के रूप में भी सामने आती है।

करीब एक दशक पहले ही राज्य सरकारों ने खर्च के मामले में केंद्र सरकार को पीछे छोड़ दिया था। वर्ष 2016 से 2021 तक केंद्र और राज्य सरकारों का कुल खर्च 37.06 करोड़ रुपये से बढ़कर 64.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान राज्य सरकारों का खर्च 23.60 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 42.11 लाख करोड़ रुपये



स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्याप्त बदहाली का उदाहरण हाल ही में मध्य प्रदेश में दिखा, जहां एक सरकारी अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला के घायल सिर की ड्रेसिंग कंडोम के पैकेट से कर दी गई!

हो गया। इस धनराशि का किस तरह इस्तेमाल किया गया? आम धारणा यह है कि चुने हुए विधायक अपनी जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्या चुने हुए जनप्रतिनिधियों के पास इतना समय और ऐसी सोच है कि वे करदाताओं का पैसा खर्च करने के मुद्दे पर बहस करें? राज्य सरकारों का अब तक का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि जनप्रतिनिधियों के पास अपनी जनता के बारे में सोचने, सत्तारूढ़ सरकारों के दावों का खंडन करने, सरकारी फंड पर बहस करने और योजनाओं को लागू करने का समय न के बराबर है। पीआरएस लेजिस्लेटिव का अध्ययन बताता है कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच राज्य विधानसभाओं की साल में औसत 25 दिन ही बैठकें हुईं।

वर्ष 2021 में सभी राज्यों का कुल खर्च 42.11 लाख करोड़ रुपये था-यानी पिछले साल राज्य सरकारों का प्रति घंटे का खर्च 480 करोड़ और एक दिन का खर्च 11,537 करोड़ रुपये था। पिछले साल राज्य विधानसभाओं की बैठक औसतन 25 दिन हुईं- जो 2016 के सालाना 30 दिन से कम है। बदतर यह कि 29 में से 17 राज्य विधानसभाओं की पिछले साल 20 दिन से भी कम, जबकि पांच राज्य विधानसभाओं की 10 दिन से भी कम बैठकें हुईं! कर्नाटक, ओडिशा, मणिपुर, पंजाब और उत्तर प्रदेश की विधानसभाओं में विभिन्न सत्रों में एक तय संख्या में बैठक करने का नियम है।

पर 2016 से 2021 तक कहीं भी इस नियम का पालन नहीं हुआ। पंजाब का ही उदाहरण लीजिए। वर्ष 2021 में इसका ऋण-जीएसडीपी (राज्य की जीडीपी) अनुपात 53.3 फीसदी, वित्तीय घाटा 4.3 प्रतिशत था और राजस्व का पांचवां हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च हुआ था। जाहिर है, राज्य की बदतर वित्तीय स्थिति ध्यान देने की मांग करती थी।

पंजाब विधानसभा की साल में 40 दिन बैठक होने का नियम है। वर्ष 2021 में राज्य में विधानसभा की 11 दिन बैठकें हुईं, जबकि 2016 से 2021 के बीच पंजाब विधानसभा में सालाना औसतन 14 दिन बैठकें हुईं। जनसंख्या के मामले में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का उदाहरण लीजिए।

शंकर अय्यर

## मिला जुला

# 2024 में मोदी बनाम केजरीवाल? गुजरात चुनाव तय करेगा सूरत-ए हाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शराब घोटाला मामले ने आम आदमी पार्टी सरकार को मुश्किल में डाल दिया है. डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिसके चलते उनपर सीबीआई का शिकंजा कस गया है.

विपक्ष में बैठी बीजेपी इसे लेकर हमलावर है तो आम आदमी पार्टी इस पूरी कार्रवाई को बदले की भावना बताते हुए 2024 के लिए नरेंद्र मोदी बनाम केजरीवाल का एजेंडा सेट करने की कोशिश कर रही है. हालांकि केजरीवाल का नेशनल ड्रीम तभी संभव है, जब आम आदमी पार्टी गुजरात के चुनावी दंगल में बीजेपी को दमदार चुनौती दे पाए।

### मोदी बनाम केजरीवाल नेरेटिव कैसे शुरू हुआ?

मोदी बनाम केजरीवाल का नेरेटिव आम आदमी पार्टी पहले से ही सेट कर रही थी, लेकिन जब शराब घोटाले में सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के घर रेड डाली, तो AAP नेताओं ने इसे भुनाने में देरी नहीं की.

सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि जब से पंजाब में आप ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, लोग कहने लगे हैं कि उन्हें एक विकल्प मिल गया है. देश की राजनीति मोदी बनाम केजरीवाल बन गई है। बीजेपी केजरीवाल से डर गई है, इसलिए उनके मॉडल को खत्म करना चाहती है।



### विधानसभा चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे बढ़े, 27-28 अगस्त को भुज-कच्छ जाएंगे

खुद मनीष सिसोदिया ने भी इसी नेरेटिव को आगे बढ़ाते हुए सीबीआई जांच को 2024 के चुनाव से जोड़ दिया. उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल ही होने वाला है. केजरीवाल को रोकने के लिए, उन्हें डराने के लिए केंद्र ऐसे हथकंडे आजमा रहा है. लेकिन उसके तमाम प्रयासों के बावजूद केजरीवाल राष्ट्रीय स्तर पर एक विकल्प के रूप में उभरे हैं. सवाल ये है कि क्या 2024 के चुनाव को मोदी बनाम केजरीवाल बनाना आम आदमी पार्टी के लिए इतना आसान है? क्या विपक्ष मोदी के खिलाफ केजरीवाल को अपना पीएम उम्मीदवार मानेगा? मोदी को टक्कर देने लायक कद केजरीवाल कैसे हासिल करेंगे? इन सवालों का सही-सही जवाब पाने के लिए गुजरात चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा.

### गुजरात में क्या है आप की रणनीति?

आम आदमी पार्टी इस समय गुजरात चुनाव में उसी रणनीति पर काम कर रही है, जिसके दम पर पहले दिल्ली और फिर पंजाब में उसने सरकार बनाई. AAP मॉडल के चार बड़े स्तंभ हैं- अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली और युवाओं को रोजगार. गुजरात चुनाव में AAP ने इन्हीं पहलुओं को अपनी 'गारंटी' बताया है जो वो सरकार बनते ही देने की बात कर रही है. यहां सबसे बड़ी घोषणा फ्री बिजली वाली है क्योंकि इसी के दम पर पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी को प्रचंड जनादेश दिया. अब गुजरात में भी ये AAP की पहली गारंटी है। वहीं, गुजरात में युवाओं को साधने के लिए अरविंद केजरीवाल ने रोजगार को लेकर बड़ा वादा किया है. उनकी तरफ से जोर देकर कहा गया है कि सरकार बनते ही वे 10 लाख सरकारी नौकरी निकालने वाले हैं, ऐसी योजना तैयार करेंगे जिससे सभी बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।

# बारिश और बाढ़ ने कर दिया बेहाल

**नई दिल्ली।** लगातार हो रही बारिश और बाढ़ के चलते विभिन्न राज्यों में हालात भयावह हो चुके हैं। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत विभिन्न जिलों में सोमवार को भी हुई भारी बारिश के चलते यहां मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। एमपी के विभिन्न जिलों में सोमवार को स्कूल भी बंद रहे।



### उड़ीसा

उड़ीसा में बाढ़ के चलते करीब 8 लाख लोगों को अपना घर-बार छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा है। यहां लगातार हो रही बारिश के चलते बिजली और पानी की सप्लाई बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुई है।

### हिमाचल प्रदेश

बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित हिमाचल प्रदेश में सोमवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 पहुंच गई। इसमें से छह लोगों का अभी तक पता नहीं चल सका है। वहीं इस आपदा में कुल 12 लोग घायल हुए हैं।

### उत्तराखंड

उत्तराखंड में भी बादल फटने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसके चलते बाढ़ और लैंडस्लाइड के मामले सामने आए हैं और जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। नदियां उफान पर हैं। कई पुल टूट गए हैं। बाढ़ का पानी लोगों का घरों में घुस गया है। कई गांवों से लोगों को निकालना पड़ा है।

### मध्यप्रदेश

मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में सोमवार को भी भारी बारिश होती रही। यह लगातार तीसरा दिन है जब बारिश ने इस प्रदेश के बेहाल कर रखा है। बारिश के साथ तेज हवाओं ने प्रदेश की राजधानी भोपाल में कई पेड़ों का उखाड़ डाला। इसके अलावा कई इलाकों में बिजली सप्लाई भी बाधित हुई है।

### राजस्थान, झारखंड और उत्तर प्रदेश

राजस्थान में पिछले 24 घंटों में हुई तेज बारिश ने कोटा और कुछ अन्य इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। इसके चलते निचले इलाकों में पानी भर गया है। कोटा बैराज से अभी तक करीब 2.76 लाख क्यूसेक पानी निकाला जा चुका है। अभी भी कोटा, झालावाड़, बूंदी, बारां, चित्तौड़गढ़, सवाईमाधोपुर, दौसा और करौली के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई है।

# आनंद शर्मा को मनाने में जुटी कांग्रेस, राजीव शुक्ला ने घर पर मुलाकात कर कहा, नाराजगी दूर की जाएगी

**शिमला।** कांग्रेस ने हिमाचल विधानसभा चुनाव के लिए गठित संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले अपने वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा को मनाने की कवायद तेज कर दी है। कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश के प्रभारी महासचिव राजीव शुक्ला ने सोमवार को यहां शर्मा के आवास पर उनसे मुलाकात की और उनकी नाराजगी को लेकर उनसे गहन बातचीत कर कहा कि उनकी शिकायत से पार्टी नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा और उनकी जो भी नाराज़गी है उसे दूर किया जाएगा।



**संचालन समिति से दिया था इस्तीफा** : शर्मा ने रविवार को हिमाचल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गठित पार्टी की संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कहना था कि उन्हें नजरअंदाज कर अपमानित किया जा रहा है इसलिए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष को इस्तीफा भेजा है। शर्मा कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं के समूह त-23 के प्रमुख नेता हैं। पार्टी के असंतुष्ट नेता पार्टी की मजबूती के लिए पार्टी नेतृत्व में है बदलाव की मांग कर रहे हैं।

# पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी को लेकर बीजेपी विधायक टी राजा गिरफ्तार, हैदराबाद में भारी प्रदर्शन



**हैदराबाद** में पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी करने वाले तेलंगाना से बीजेपी विधायक टी राजा को हैदराबाद सिटी टास्कफोर्स और शाहीनयथगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल तेलंगाना से बीजेपी विधायक टी राजा के द्वारा दिए विवादित बयान के बाद मामला गर्मा गया है. हैदराबाद में उनके इस बयान के खिलाफ कल शाम से ही प्रदर्शन जारी है. टी राजा पर आरोप है कि उन्होंने पैगम्बर को लेकर विवादित बयान दिया है. उन पर यह आरोप है कि स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के खिलाफ जारी बयान में पैंबम्बर के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है. डीसीपी पी साई चैतन्य ने बताया कि पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# दिल्ली शराब नीति मामला-MHA का बड़ा ऐक्शन, तत्कालीन आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्णा और उपायुक्त आनंद तिवारी सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार देर शाम बड़ा ऐक्शन लेते हुए तत्कालीन आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्णा और उपायुक्त आनंद तिवारी सस्पेंड कर दिया है। दिल्ली उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के संबंध में आबकारी विभाग के 11 अधिकारियों के खिलाफ 'गंभीर चूक' के लिए निलंबन और अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के कुछ दिनों बाद सोमवार को गृह मंत्रालय ने तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्णा और उपायुक्त आनंद तिवारी को निलंबित कर दिया है। बता दें कि, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोपों की सीबीआई जांच की सिफारिश करने के बाद दिल्ली सरकार द्वारा इस साल जुलाई में नीति को वापस ले लिया गया था। इस मामले में 17 अगस्त को सीबीआई द्वारा दिल्ली के आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया समेत 15 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी।



# नि:शुल्क हृदय उपचार से रवीना के चेहरे पर लौटी मुस्कान

## चिरायु योजना के तहत 11 वर्षीय रवीना को मिला लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

कई बच्चे जन्म से ही कुछ बीमारियों के साथ पैदा होते हैं, कुछ अन्य किसी कारण से गंभीर बीमारी का शिकार हो जाते हैं। उचित उपचार न मिलने से बीमारियां उनके शरीर में धीरे-धीरे बढ़ती जाती हैं और गंभीर रूप ले लेती हैं। कम उम्र में ही बच्चों में हृदय सहित कोई अन्य गम्भीर रोग हो जाये तो उसका बचपन छिन जाता है, और यदि माता पिता आर्थिक रूप से कमजोर हो तो समस्या बढ़ जाती है।





ऐसी किसी अन्य विकार से ग्रसित बच्चों को बचाये रखने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु योजनाए पीड़ित बच्चों और उनके परिजन के लिये वरदान साबित हो रही है। जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मुल्ला की रहने वाली 11 वर्षीय रवीना ताराम, जिसे जन्मजात हृदय रोग था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा संचालित चिरायु टीम को स्कूल में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान रवीना में थकान और कमजोरी की समस्या मिली। तदुपरान्त उसे जिले में संचालित होने वाले विशेष शिविर में लाया गया, जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा दिल में छेद की बीमारी बताई गई। यह जानकारी मिलते ही बिना देरी किये रवीना के हृदय का उपचार रायपुर में किया गया। सफलतापूर्वक नि:शुल्क उपचार मिलने से रवीना और उसके परिजन के चेहरे पर मुस्कान लौट आयी है। इसके लिये चिरायु टीम के डॉ. इमरान खान, डॉ. चेतन, डॉ. तेजस्वी परिहार का विशेष योगदान रहा। कलेक्टर प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में छ.ग. सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना के अंतर्गतए आंगनबाड़ी, स्कूल और अन्य स्थानों पर चिरायु टीम द्वारा जांच केंद्र स्थापित कर बच्चों की स्क्रीनिंग की जा रही है। तदुपरान्त बच्चों में स्वास्थ्य की गंभीर समस्या को देखते हुये उनका चिन्हांकन कर नि:शुल्क उपचार कराया जा रहा है। समय पर उचित लाभ मिलने से जिले के जरूरतमंद बच्चों की जिंदगी रौशन हो रही, साथ ही लाभान्वित बच्चे अब समाज में सामान्य बच्चों की तरह ही अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। इस सम्बंध में सीएमएचओ डा. जेएल उईके ने बताया श्चिरायु योजना के तहत चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा चिन्हित स्थानों पर स्क्रीनिंग की जाती है। बच्चों की स्क्रीनिंग हेतु जांच केंद्र लगाए जाते हैं। बच्चों की फ्री स्क्रीनिंग की जाती है जिसमें आँख से कम दिखाई देना, कानों से कम सुनाई देना, विटामिन की कमी, एनीमिया, हृदय रोग, जैसी बीमारियों की पहचान कर उनका इलाज किया जाता है। कोई बच्चा गंभीर स्थिति में है तो उसे टीम द्वारा तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल भेज दिया जाता है।

### चिरायु योजना क्या है

चिरायु योजना छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य योजना है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु योजना को 6 अगस्त 2014 से सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में लॉन्च किया गया था, इसके बाद इससे सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए लॉन्च किया गया। योजना के अंतर्गत 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। बच्चे में कोई बीमारी पाई जाती है तो उसका नि:शुल्क इलाज किया जाता है। बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए चिरायु टीम अलग-अलग जगह पर जाकर जांच करती है।

## एक नजर

### अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर नकेल कसने की कवायद

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के उपसंचालक व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने ली कार्रवाइयों की जानकारी

**कवर्धा** । बारिश के मौसम के चलते लोगों के खान-पान पर विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक होता है, इसके अलावा त्योहार के सीजन में डिमांड बढ़ने के चलते मिलावटी मिठाइयों व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री की संभावनाओं के मद्देनजर खाद्य पदार्थों के मानकों की जांच सम्बन्धी कवायद शुरू कर दी गई है। इस सम्बंध में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्रवाइयों का विस्तृत विवरण मंगाकर विभाग के उपसंचालक व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी द्वारा जानकारी ली गई। उन्होंने इस दिशा में सभी सम्भव प्रयास बढाने के निर्देश भी दिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जानकारी में बताया गया कि जनवरी 22 से कुल 63 खाद्य नमूना संकलित किया जा चुका है। इनमें से 19 नमूना मानक व 2 अमानक घोषित किया गया है। 42 नमूनों का जांच रिपोर्ट आना शेष है। अधिकारी ने जानकारी दी कि सिर्फअगस्त माह में ही 24 खाद्य नमूना संकलित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर व आवश्यकतानुसार अन्य राज्य स्थित प्रयोगशालाओं में भेजा जाता है। इसके अलावा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से भी मौके पर खाद्य सामग्रियों की परीक्षण की प्राथमिक कार्रवाई की जाती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधनियम 2006 विनिमय 2011 की धारा 2.4.2 के तहत खाद्य विश्लेषक द्वारा विश्लेषण रिपोर्ट 14 दिनों के भीतर भेजे जाने का प्रावधान है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अमानक स्तर के खाद्य पदार्थों के सम्बन्धित प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। डॉ मुखर्जी ने जिले में मिलावटी अथवा नकली खाद्य सामाग्री बेचकर लोगों के सेहत से खिलवाड़ करने वालों के सम्बंध में तत्काल जानकारी देने की अपील जिले की जनता से की है। उन्होंने कहा कि खान-पान की गड़बड़ी से सेहत बुरी तरह से प्रभावित होता है, इसलिए ऐसे अमानक खाद्य सामग्रियों की बिक्री पर रोक लगाया जाना आवश्यक है।

### मंत्री अकबर से भेंट की यूरोप में तिरंगा फहराने वाली अंकिता गुप्ता ने

**कवर्धा** । यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट अलब्रुश पश्चिम 6542 मीटर और माउंट अलब्रूस पूर्व 6521 मीटर दोनो पर तिरंगा झंडा फहराने एवम राज्य सरकार के न्याय एवम सशक्तिकरण के छत्तीसगढ़ माडल को प्रदर्शित करने का रिकार्ड बनाने वाली सुश्री अंकिता गुप्ता ने आज प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर से भेंट की।श्री अकबर ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने पर अंकिता गुप्ता को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अभियान में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा दिए गए सहयोग के लिए अंकिता गुप्ता ने आभार व्यक्त किया ।उल्लेखनीय है कि अंकिता गुप्ता के इस अभियान के लिए श्री मोहम्मद अकबर की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पांच लाख रुपए की राशि स्वीकृत की थी।

# कांग्रेस ने मंहगाई के विरोध में लगाया चौपाल

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।




कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के नन्हें छात्राओं के साथ सीएम का जन्म दिन मनाया कांग्रेसियों ने। दीर्घायू के साथ ही चहूं ओर यश फैलने की कामना किया। देवभोग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आज सीएम भूपेश बघेल का जन्मदिन कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओ के साथ मिल कर मनाया। जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर की मौजूदगी मे ब्लॉक व जिला कांग्रेस संगठन के पदा धिकारियों ने केक काटे। छात्राओं को फल भी भेंट किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी ने कहा कि मुखिया स्वास्थ्य व चिरायु रहे सदा, क्योंकि उनके हर कदम जन कल्याण के लिए होता है। बहुत कम समय में हमारे सीएम ने उन सरकारी योजनाओं को गांव गरीब व किसान वर्ग के हर जरूरत मन्द तक पहुंचाने में सफल रहे हैं। पहले की योजनाएं बड़े बड़े ठेकेदार, पूंजीपति व उद्योगपतियों को झोली में जाति थी, पर भुपेश की सोंच ने इस परिपाटी को बदल दिया है। जिला महामंत्री अरुण मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की भुपेश सरकार गरीब किसान की सरकार है। आयोजन में दुर्गा चरण अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष, अरुण सोनवानी महामंत्री ब्लॉक, सूरज शर्मा जिला महामंत्री, प्रमेश अवस्थी ब्लॉक उपाध्यक्ष, ऋषिकेश ओंकार पात्र, रूपचंद नागेश, हरिशंकर नागेश, सूरज प्रधान, धनेश्वर यादव, शंकर नागेश, मुकेश बीसी, अनिल, तुलाराम समस्त पधाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। महंगाई चौपाल में पांच प्रस्ताव पारित सीएम के जन्मदिन मनाने से पहले, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस ने आज बस स्टैंड चौक पर महंगाई चौपाल का आयोजन किया था। ब्लॉक व जिला पदाधिकारियों ने पहले तो महंगाई के विरोध में नारे लगाकर केंद्र के मोदी सरकार को जमकर कोसा, फि र चौपाल में खाद्य सामग्री से लेकर पेट्रोल डीजल, उर्वरक, घरेलू गैस, आयकर व पिछेल दो साल में मंहगाई में धकेल दिए गए आम जरूरत की चीजों के मूल्य घटाने के लिए प्रस्ताव पारित कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा।

# सूचना फलक दरिगंवा से दारगांव सड़क के प्रारंभ में लगाया गया

**कवर्धा** । कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव परियोजना क्रियान्वयन इकाई कवर्धा श्री दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की दरिगंवा से दारगांव सड़क की लंबाई 1.90 किलोमीटर का नवीनीकरण कार्य राशि 35.83 लाख रूपए निर्माण का स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि सड़क के प्रारंभ में (आर.डी. 0.00) में कार्य से संबंधित सूचना पटल लगा हुआ है। जिसमें सड़क की लंबाई, लागत, संधारण लागत एवं कार्य प्रारंभ दिनांक तथा ठेकेदार का नाम, पुल पुलियों एवं रिर्टनिंगवाल के संबंध में उल्लेख है। सूचना फलक सड़क के प्रारंभ में ही लगाया गया है।

# बस्तर में कृमि से बचाव के लिये बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

जोहार छत्तीसगढ़-जगदलपुर।



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिले में तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। 9 सितम्बर को कृमि मुक्ति दिवस और 14 सितम्बर को कृमि गोली से वंचित बच्चों के लिये मॉपअप दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष राज्य के 24 जिलों के 84.27 लाख बच्चों एवं किशोर किशोरियों 1 से 19 वर्ष को कृमि से बचाव हेतु, एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस सम्बन्ध में सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी ने बताया, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। कृमि से बचाव हेतु 9 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा तथा छूटे हुए बच्चों के लिये 14 सितम्बर को मॉपअप दिवस के तहत कृमि से बचाव की गोली खिलाई जाएगी। सितम्बर माह में चलने वाले कार्यक्रम के लिये राज्य से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार बस्तर जिले के समस्त विकासखंड को दिशानिर्देश भी भेजे जा चुके है। इस वर्ष बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शासकीय विद्यालयों शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालय, मदरसों, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कृमिनाशक दवा दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली 200 एमजी चूर्ण बनाकर पानी के साथ, 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को 1 गोली पूरी तरह से चूर्ण बनाकर पानी के साथ तथा 4 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली 400 एमजी चबाकर के पानी के साथ सेवन कराया जाएगा। एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है। दवा खाने के उपरांत यदि कोई प्रतिकूल प्रभाव हो तो प्रबंधन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार की व्यवस्था भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा रहेगी। कृमि मुक्ति दिवस पर बीमार बच्चों या पहले से कोई अन्य दवाई ले रहे बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली नहीं दी जाएगी।

### इन 24 जिलों में चलेगा कार्यक्रम

बस्तर, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, कांकेर, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, धमतरी, गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मारवाही, जशपुर, कवर्धा, कोरबा, कोरिया, महासमुंद, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सूरजपुर और सरगुजा।

# एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आज यहां जिला स्तरीय टास्ट फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल नई दिल्ली के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले में गठित जिला स्तरिय टॉस्क फोर्स की बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा जसविन्दर कौर अजमानी मलिक, क्षेत्रीय अधिकारी छग पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई, विश्वास राव म्हस्के, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बेमेतरा होरी सिंह ठाकुर सहित सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत जिला बेमेतरा उपस्थित थे। जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी नगरीय निकायों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने हेतु विशेष प्राथमिकता के साथ कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गयाए जिसे निरंतर निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया। तथा कचरा कलेक्शन करने वाले सफ ाई मित्रों बहनों को प्रोत्साहित किया जावे। निर्माण गतिविधियों से उत्पन्न निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु कार्य योजना बनाने अपशिष्ट को पृथक पृथक संग्रहित करने अपशिष्ट को ना जलाने नियमों के उप बंधुओं का पालन न करने वालों के विरुद्ध उपविधि बनाने पुराने मलबा स्थल को वैज्ञानिक तरीकों से कैंपिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। बेमेतरा जिला के अंतर्गत नगरीय निकायों द्वारा परफ ॉर्मेंस इंडिकेटर्स 18 बिंदुओं के तहत् विस्तृत चर्चा किया गया सभी बिन्दुओं पर गंभीरता पूर्वक समय-सीमा में कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। निजी हॉस्पिटल का निरीक्षण आगामी बैठक के पूर्व किया जावे, जिनका मेडिकल वेस्ट विधिवत निप्टान किये जाने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावे, साथ ही हॉस्पिटलों में फायर सेफ्टिकी व्यवस्था सुनिश्चित किया जावे, जिसका भी प्रतिवेदन आगामी बैठक में रखा जावे। नगर पंचायत देवकर क्षेत्र में एसटीपी स्थापना हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत देवकर द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जावे। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं महाविद्यालयों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा वृक्षारोपण के संबंध में स्कूली छात्र छात्राओं के मध्य बैनर व पोस्टर के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी दुकानदारों को प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग में समझाइश दिए जाने के साथ ही बाजारों में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जब्ती, पेनाल्टी की कार्यवाही की जावे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार ठोस अपशिष्टों का उचित अपवहन किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही जिला पंचायत जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर से किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नियमित रूप से मुख्यालय में रहने एवं प्रातः काल सफाई का निरीक्षण स्वयं करने निर्देश दिया गया। शादी हॉल कैटरर्स को चिन्हित कर एकल उपयोग के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए हैं। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में दोना पत्तलए एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने वाले पर कार्यवाही कर जुर्माना वसूलने हेतु निर्देशित किया गया। नगर में निदान 1100 के फ्लैक्स प्रदर्शित किया जावे। बैठक में कलेक्टर ने अनुपस्थित रहने वाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत मारो एवं नवागढ को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

सरायपाली । बलौदा पुलिस ने कोटद्वारी मोड़ पर बिक्री के लिए ग्राहक के इंतजार में खड़े तलाश रहे एक व्यक्ति को 10 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम ग्राम मुंडपहार निवासी राजू चौहान बताया। आरोपी को 34 (2) के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बलौदा, उपनिरीक्षक उदय राम साहू, प्रधान आरक्षक पंकज बाग, आरक्षक सुभाष यादव, आरक्षक संदीप प्रधान, आरक्षक मनीष भोई का योगदान रहा।

# पिटियाझर गौठान का उद्घाटन अब तक नहीं

## आश्रय के लिये मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा, राहगीर हो रहे हलाकान

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।





मवेशियों को सुरक्षित रखने गौठान का निर्माण कराया गया है। लेकिन निर्मित गौठान का उद्घाटन नहीं हो पाया है। यही कारण है कि शहर में लावारिश मवेशियों ने सड़क को ही अपना गौठान बना लिया है। बारिश के बाद खेतों में फसल बोआई होने से मवेशी शहर की ओर रुख कर रहे हैं। पिछले तीन माह से शहर के मुख्य मार्ग के अलावा गली.मोहल्ले की सड़कों को मवेशियों ने गौठान बना लिया है। इससे राहगीर के साथ मोहल्ले के नागरिक भी परेशान हैं बावजूद पालिका का रवैया उदासीन है। जानकारी के अनुसार शहर का गौरव पथ कहा जाने वाला बीटीआई रोड देर शाम के बाद गौ पथ में तब्दील हो जा ता है। शास्त्री चौक से कलेक्टोरेट कॉलोनी तक यहां सड़क में जगह जगह मवेशी बैठ रहते हैं जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इधर इस मार्ग में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से हादसे का भय भी बना रहता है जिसे लेकर भी प्रशासन उदासीन है।

### कुर्मीपारा कांजी हाऊस में रखे जा रहे मवेशी

पालिका के अफ सरों का कहना है कि पिटियाझर में निर्मित गौठान का उद्घाटन नहीं होने से मवेशियों को कुर्मी पारा स्थित कांजी हाऊस में रखा जा रहा है। कांजी हाऊस छोटा होने से यहां कम संख्या में मवेशी रखे जाते हैं। पालिकाकर्मियों के अनुसार वर्तमान में यहां करीब दो दर्जन मवेशी रखे गए हैं। अफसरों का कहना है कि मवेशियों को रखने जगह का अभाव और चारा-पानी की दिक्कत है।

### सब्जी बाजार में ग्राहक, व्यापारी मवेशी से परेशान

खेतों में फसल बोआई के बाद चारे पानी के लिए भटक रहे मवेशियों ने शहर की ओर रुख कर लिया है। सड़कों पर चारा नहीं मिलने से अधिकांश मवेशियों ने सब्जी बाजार में अपना डेरा जमा रखा है जिससे यहां के व्यापारी के साथ ग्राहक भी परेशान हैं। क्योंकि बाजार में घूम रहे मवेशी व्यापारी के पसरे में रखी सब्जियों पर या फिर ग्राहकों के थैले पर रखी सब्जियों पर मुंह मार रहे हैं। सुबह-शाम सब्जी व्यापारियों द्वारा भेजे जाने वाले कचरे से चारा मिल जाता है।

*पिटियाझर में निर्मित गौठान के उद्घाटन के लिए अध्यक्ष से चर्चा हुई है। उद्घाटन के बाद मवेशियों को यहां रखा जाएगा। वर्तमान में मवेशियों को कुर्मीपारा स्थित कांजी हाऊस में रखा जा रहा है। शहर में बड़ी तादात में मवेशी है जिन्हें रख पाना संभव नहीं है। मवेशी पालकों को समझाइश देने के बाद भी वे मवेशी सड़क पर छोड़ रहे हैं।*

**आशीष तिवारी, सीएमओ**
**नगर पालिका महासमुंद**

# महासमुंद नगर पालिका से एक सभापति का हटना तय

## बनना था 8 सभापति बना दिये गये 9, मांगा जा रहा है शासन से मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुद्र।

नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष राशि विभुवन महिला ने 16 अगस्त को नगर पालिका के कामकाज संचालन के लिए प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन किया। पालिका मीडिया प्रभारी से इस तारीख को जारी समाचार अनुसार उन्होंने इसमें सात पार्षदों को सभापति बनाया गया। वहीं नगर पालिका के सात विभाग के लिए पांच-पांच पार्षदों के समूहों का सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त किया गया।

महिलांग ने प्रभारी सदस्यों को विभाग आवंटित कर प्रभारी सदस्य नियुक्त किया जिसमे वार्ड नंबर 12 के पार्षद पर मांझी को विधि तथा समान्य प्रशासन विभाग का सभापति वार्ड 29 के पार्षद निखिल साहू को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण के पार्षद व पूर्व पालिका पटेल जल कार्य विभाग का सभापति वार्ड 18 के पार्षद अमन चढ़ाकर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग वार्ड नंबर के पार्षद बबलू हरपाल राजस्व तथा बाजार विभाग वार्ड 17 के पार्षदमा अन्य यादव खाद्य नागरिक आपूर्ति नियोजन विभाग और वार्ड 14 के पार्षद सरला गोलू मदनकार को शिक्षा महिला एवं बाल विकास विभाग का सभापति बनाया गया। इसमें वार्ड तीन के पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चटाकर का नाम न होने से पैचस गया। नियमत: अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को मिलाकर प्रेसिडेंट इन कौंसिल में कल आठ सदस्य होता है। सात नए सदस्यों को मौका देने से नी हो गई है।

इस संबध में अब पालिका अधिकारी शासन से मार्गदर्शन में रहे है। आगामी दिनों में इस पर निर्णय लिया जाएगा। यदि संख्या आठ से आगे नहीं बरती तो किश को सात नए सभापतियों में से एक को हटाना होगा। फिलहाल इस पर पार्टी संगठन है।

### कौन हटेगा इस पर नगर में चर्चा का दौर

पालिका अधिनियम के जानकारी का कहना है कि इस मै अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के अतिरिक्त यह और सदस्य होते हैं। संख्या एक बढ़ गई है। ऐसे में किसे सभापति पद से हटाएंगी इस पर नगर में कवास का दौर जारी है। सभापति बनाये गए सदस्यों में पर गांधी आदिवासी वह से है और निर्दलीय चुनाव जीतकर आये है। निखिलका साहू कामेस के युवा चेहरा हैए सर्वाधिक मतों से इन्होंने चुनाव जीता है। पटेल पूर्व परिहे है साथ ही तीन माह के राजनी पटना में भाजपा से निष्कासित हुए हैं। अमन पाकर युद्ध कांग्रेस के जिलाध्यक्ष है। बबलू हरपाल निर्दलीय पार्षद जीतकर आये है। अनुसूचित जाति वर्ग को प्रतिनिधित्व करते हैं। इन्होंतिक बंदर के पीआईसी सदस्य होते हुए सभापति पद छोड़कर और खाली कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीमा अजय यादव जाम आदमी पार्टी की पार्षद है और नया बनाने में कार्य का भरपूर साथ दिया है। सरला गोनू मदनकार छोड़कर आई है। पालिका की सीट पर भाजपा की अध्यक्ष बिठाने में इनकी भूमिका रही है।



सभापति सूची में उपाध्यक्ष का नाम भूलवर्ष छूट गया था। शासन से मार्गदर्शन लिया जा रहा है। दो दिनों में तय कर संशोधित सूची जारी की जाएगी।

**राशि महिलांग, नपाध्यक्ष महासमुंद**



कानून का पालन कराना सीएमओ का दायित्व नियम कानून का पालन कराना सीएमओ का पदीय कर्तव्य है। राजपत्र में उल्लेख है की पदेन उपाध्यक्ष पीआईसी सदस्य रहेगा। फिर उपाध्यक्ष को पीआईसी दर से दरकिनार किया जाना नियम विरूद्ध है। सीएमओ को निलंबित करने पत्र लिखेंगे।

**कृष्ण कुमार चंद्राकर**
**उपाध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद**

## एक नजर

### रायपुर में होगी अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारतीय थलसेना द्वारा छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थी हेतु अग्निवीर की भर्ती रैली का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी को थलसेना की वेबसाईट में ऑनलाईन पंजीयन आवेदन करना अनिवार्य है। यह ऑनलाईन पंजीयन की प्रक्रिया 3 सितम्बर 2022 तक किया जा सकता है। ऑनलाईन पंजीयन करने के पश्चात् प्रवेश पत्र जिसमें रैली स्थल, समय की जानकारी आपकी पंजीकृत ईमेल में 5 नवम्बर 2022 तक भेजा जावेगा। रैली हेतु अभ्यर्थियों के पास आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता, ई-मेल आईडी, मोबाईल नंबर होना अनिवार्य है। भर्ती रैली नि:शुल्क है, चयन आपकी अर्हता योग्यता एवं भर्ती रैली में प्राप्त अंको के वरिष्ठता क्रम के आधार पर होगा। अधिक जानकारी हेतु सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष 07712965213 या जिला रोजगार कार्यालय, बेमेतरा के दूरभाष 07824222665 या भारतीय थलसेना के वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है। भर्ती रैली में सम्मिलित होने हेतु अभ्यार्थी को ऑनलाईन पंजीयन नामांकन अनिवार्य है।

### मुख्यमंत्री निवास घेरने महासमुंद ग्रामीण क्षेत्र से शामिल होंगे सैकड़ों युवक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महासमुंद ग्रामीण मण्डल की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में 24 अगस्त के लिए, रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में ग्रामीण मण्डल के 56 गांवों से युवा और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लगभग 400 कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई। घेराव युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में होगा। ग्रामीण मण्डल की बैठक में प्रभारी एवं पूर्व विधायक व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोती साहू, पार्षद देवीचंद राठी, मण्डल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रेम चंद्राकर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष यशवंत साहू युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, वरिष्ठ नेता हेमलाल चंद्राकर उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में बेरोजगार युवाओं को हक की लड़ाई बताई। रूपरेखा तैयार करने के पश्चात निर्णय लिया गया कि महासमुंद ग्रामीण मण्डल से 400 युवा प्रदर्शन में शामिल होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के पूर्व छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया और सत्तासीन होने के बाद वादा से मुकर गई। अभी तक किसी प्रकार बेरोजगारी भत्ता मिला और न ही रोजगार। भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष यशवंत साहू ने कहा कि वे अपने हक की लड़ाई लड़ें जो भारतीय श्जनता पार्टी के नेतृत्व में रायपुर में की जाएगी। बैठक के दौरान जिले के ग्रामीण मण्डल से मेघनाथ चन्द्रसेन, गोविंद ठाकुर, मुकेश ध्रुव, हेमलाल यादव, पूनम मिश्रा, नानिकराम निषाद, प्रकाश रात्रे, पितांबर साहू, राजू साहू, लोकनाथ साहू, नन्दलाल पटेल, नवीन साहू, देवेन्द्र सेन, पलाश यादव, मुकेश यादव, पिंकू यादव, नमन यादव, युगल किशोर, दिलीप सिन्हा, परस साहू, जय साहू, कृष्णा साहू एवं अन्य युवा उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर में किया जा रहा नल कनेक्शन

**कवर्धा** । विकासखंड बोडला के ग्राम राम्हेपुरकला की जनसंख्या 1245 है। विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था के तहत 12 हैण्डपंप स्थापित है, सिंगलफेस पावरपंप 7 संचालित एवं 1 नग सोलर पंप संचालित है तथा नल जल योजना के तहत 60 कि.ली क्षमता एवं 12 मीटर स्टेजिंग की उच्चस्तरीय जलागार स्थापित है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि 540 नग घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है एवं कार्य प्रगतिरत है। वर्तमान में ग्राम राम्हेपुर में 260 कनेक्शन दिया जा चुका है एवं शेष घरों में कनेक्शन प्रदाय का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण नवीन पाईपलाईन बिछाने का कार्य विलंब हुआ है। वर्तमान में कार्य में प्रगति लाई गई है। ग्राम में पेयजल व्यवस्था सामान्य है।

### ग्राम दौजरी में पेयजल के लिए की गई व्यवस्था

**कवर्धा** ।विकाखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी के शिव मंदिर के पास ग्राम पंचायत द्वारा बोर में हैंण्डपंप लगाया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि वर्तमान में हैंण्डपंप चालू हालत में है तथा पेयजल की कोई समस्या नहीं है।

## जनचौपाल के दौरान सुनी गई आम नागरिकों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मण्डावी ने आज जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 18 आवेदन प्रस्तुत किये। प्राप्त आवेदनों में राशन कार्ड बनाने, समूह की ऋण माफी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाये जाने, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु, शासकीय भूमि में अतिक्रमण हटवाने, सहायता राशि प्रदान करने आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को पृथक से लिखित रुप में सूचना भी दी जाए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा नवागढ़ प्रवीण तिवारी, बेरला संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के, परियोजना अधिकारी मबावि बीडी पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम के जन्म दिन पर दीर्घायु की आहुती के साथ वस्त्र दान

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



सीएम के ऐसे भी शुभचिंतक है जिन्होंने ने आज जन्मदिन पर दीर्घायू ही नही सतत सरकार में बने रहने कराया महायज्ञ, पंडितों को भोजन करवा सीएम से वर्चुवल जुड़ आशीर्वाद भी दिलवाया। प्रदेश भर में सीएम भूपेश बघेल का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर गरियाबन्द जिले में भाजपा का गढ़ माने जाने वाले बिन्द्रानवागढ़ में कांग्रेस नेताओं द्वारा कराया गया विष्णु महायज्ञ सीएम को भी गया। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुखचन्द बेसरा ने इस यज्ञ का आयोजन स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में करवाया। स्थानीय नागरिक संगठन के वरीष्ठ जन के अलावा सीएम हाउस के करीब माने जाने वाले महासमुंद के कांग्रेसी नेता आलोक चन्द्राकर भी यज्ञ में आहुति देने पहुंचे थे। पूजन सम्पन्न के बाद सीएम के 61 वे जन्मदिन में 61 ब्राम्हणों को भोजन कराने के अलावा अन्य आगन्तुकों को भंडारे लगा कर भोजन दिया गया। गरीब महिलाओं को वस्त्र दान भी किये गए। आयोजन में पहुंचे सभी को केक के साथ कांग्रेस सरकार के योजनाओं की जनाकारी देने वाले किताबे पाम्पलेट का भी वितरण किया गया।

पूर्णाहुति के बाद आलोक चन्द्राकर ने सीएम को वर्चुवली जोड़ा, जिसके जरिये सीएम ने पंडितों के आशीर्वाद के अलावा शुभचिंतको का शुभकानाएं ग्रहण कर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में महेश्वर कोमर्रा, खिलावन पात्र, राजेश तिवारी, धनसिंह मरकाम, राजेश तिवारी, जय कुमार, कुंजल राम यादव, विकास अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, धनेश्वर प्रधान, टिकेंद्र बीसी, नवीन सेन, निराकार डोंगरे, ओंकार पात्र आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## बम्हनी सरपंच पर अनियमितता का आरोप, कलेक्टर से पंचों ने की जांच की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



बम्हनी सरपंच पर पंचों ने पंचायत की मूलभूत राशि और 14 वें तथा 15 वें वित्तीय की राशि आहरित कर अनियमितता का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पंचों ने मंगलवार को जिला कार्यालय में की है। पंच सोनिया कोसरे, फ लेन्द्र निषाद, गोविंद महिलांग, कामता प्रसाद सोनवानी और पुरुषोत्तम साहू ने कलेक्टर के नाम कुल 10 बिंदुओं में जांच के लिए ज्ञापन सौंपा है। उनके द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में पंचों ने कहा है कि सरपंच द्वारा पंचायत के मूलभूत एवं 14 व 15 वें वित्त की राशि को मनमाने तरीके से आहरित कर विकास कार्य में लगाने की बजाए दुरुपयोग किया गया है। अपने निजी लाभ के लिए राशि खर्च कर गांव के विकास कार्य पर प्रतिकूल असर डाला गया है। पंचों को बिना विश्वास में लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंनें सरपंच की जगह पंचायत का कार्य पूरी तरह से पति द्वारा किए जाने का भी आरोप लगाया है। इधर मामले में सरपंच खिलेश्वरी साहू का कहना है कि पंचों द्वारा की गई शिकायत गलत है। उनके द्वारा रुपए की मांग की जाती है। नहीं देने पर यह आरोप लगाया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के सदस्य अपने दो सूत्रीय मांग को लेकर बैठे अनिश्चितकालीन धरने पर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




सीतापुर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सदस्य छत्तीसगढ़ शासन से अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं।

अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन छत्तीसगढ़ द्वारा पहले भी तीन-चार बार धरना प्रदर्शन किया जा चुका है। परंतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इनकी मांगों को अभी तक पूर्ण रूप से नहीं माना गया है। इस कारण वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन जब तक उनकी मांगों को पूर्ण नहीं करती तब तक हड़ताल का समापन नहीं करेंगे। केंद्र सरकार के समान देय तिथि से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा सातवें वेतनमान में गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए। इन मांगों को लेकर आज लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में सीतापुर के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुएए तथा उनके द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल का आयोजन किया गया। जब हमने इस विषय पर वहां के पदाधिकारियों से बात हुई तो उनके द्वारा कहा गया कि राज्य शासन द्वारा वादा किया गया था कि उनकी मांगों को पूरा करेगा। परंतु वह छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों अधिकारियों से वादाखिलाफ ी कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार उनकी समुचित मांगों को पूर्ण नहीं कर रही है, जिससे छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों अधिकारियों में छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ काफी ज्यादा रोष है, उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कर्मचारियों अधिकारियों के हितों का ध्यान रखते हुए उनकी मांगों को पूर्ण कर देना चाहिए, और यदि उनके द्वारा मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो अधिकारी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे।

## लोहारडीह बांध के फूटने पर साढे 5 सौ एकड़ की फसल होगी चौपट

### 4 माह पूर्व ही सवा करोड़ की लागत पर हुआ था बांध का जीर्णोद्धार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले में इस साल अच्छी बारिश के चलते जिले के छोटे-बड़े लगभग सभी बांध लबालब हैं। इन्हीं में से एक लोहारडीह ग्राम पंचायत का बांध भी है।



रिसाव रोकने किसान कर रहे अथक प्रयास

जिसकी क्षमता 0.99 एमसीएम है और 308 हेक्टेयर की भूमि में इससे सिंचाई होती है। लगातार हो रहा बारिश से ये बांध 100 फ ीसदी भर चुका है। इस बीच लोहारडीह के बांध में पिछले एक हफ्ते से गेट वॉल प्लेटफ ार्म के पास से पानी का रिसाव हो रहा है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, किसानों की चिंता इस बात को लेकर है कि यदि ये बांध फूट जाता है तो 350 किसानों की 550 एकड़ में फैली फ सल चौपट हो जाएगी, इसे लेकर किसान वहां मजदूरी कर बांध के रिसाव को रोकने में लगे हैं। जबकि सिंचाई विभाग ने चार महीने पहले ही इस बांध के जीर्णोधार में 1 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन इसके बावजूद पानी का रिसाव हो रहा है। लिहाजा ग्रामीण सिंचाई विभाग पर गुणवत्ताहीन कार्य कराने का आरोप लगा रहे हैं।

# लाइगर के लिए मेकर्स की पहली पसंद थी जाह्नवी कपूर, ऐसे चमकी अनन्या पांडे की किस्मत



साउथ इंडस्ट्री के फेमस एक्टर विजय देवरकोंडा अपकमिंग फिल्म लाइगर के जरिए बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। इस एक्शन ड्रामा में विजय देवरकोंडा के साथ अनन्या पांडे नजर आएंगी। फिल्म का ट्रेलर और गाने कुछ दिनों पहले ही दर्शकों के बीच रिलीज किए गए हैं। विजय और अनन्या पांडे की जोड़ी पहली बार ऑनस्क्रीन दिखाई देंगी लेकिन क्या आप जानते हैं? लाइगर के मेकर्स की पहली पसंद अनन्या पांडे नहीं बल्कि बॉलीवुड की कोई और हसीना थी।

2019 में आई कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जाह्नवी कपूर एक एक्शन ड्रामा में विजय देवरकोंडा के साथ साउथ में अपनी शुरुआत करने वाली थीं। फिल्म का नाम अब लाइगर है, जिसे पहले फाइटर टाइटल दिया गया था। लाइगर 25 अगस्त को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म की रिलीज से पहले निर्देशक पुरी जगंनाध ने बताया, मैं श्रीदेवी जी का बहुत बड़ा फैन हूं। मैं जाह्नवी कपूर को इस रोल के लिए कास्ट करना चाहता था लेकिन डेट्स ना होने की वजह से उनकी कास्टिंग नहीं हो पाई।

जाह्नवी कपूर के ना कहने के बाद लाइगर में अनन्या पांडे को कास्ट किया गया। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा एक किकबॉक्सर का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में हॉलीवुड अभिनेता माइक टायसन भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे।

# प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होती: सीरत कपूर



दोस्ती और प्रसिद्धि मे सबसे जयदा महत्वपूर्ण क्या है उनके लिए, इसपर अभिनेत्री का कहना है , दोस्ती, प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होती । इन सम्बन्धो को कायम दिल के करीब बहोत प्रेम के साथ रखना चाइये। चाहे वह एक आम आदमी हो या एक प्रसिद्ध हस्ती, हर एक को अपने जीवन में एक करीबी दोस्त की जरुरत होती हैं जो जीवन के हर पड़ाव में उनका साथ देता है।

अपने जीवन के इनिशियल फेज से लेकर अडुल्टिंग तक, वो आपके साथ रहते आपके परिवार जैसे, और हमारी अभिनेत्री सीरत कपूर भी इसी बात पर विश्वास रखती है। अपने अद्भुत व्यक्तित्व और अभिनय कौशल के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री सीरत के बारे में एक बात जो ज्यादातर लोगों को पता नहीं है, वह यह है कि उन्हें अपने करीबी लोगो से काफी लगाव है और उन्हें अपने पसंदीदा लोगो को उनके दिल के करीब रखना पसंद हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री है, जो ग्लैम से भरपूर है लेकिन काफी संघर्ष और मेहनत के साथ आती है। समय की कोई निश्चितता नहीं होने के कारण, अभिनेताओं को अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करना बहोत महत्वपूर्ण हे ।

अपने दोस्तों के लिए अपने बिजी स्केडुल से कुछ समय निकालने पर अभिनेत्री कहती है, ऐसे कई पहलू हैं जो मानव जीवन को बनाते हैं और उनमे से एक है दोस्ती । जबकि मेरा मानना है कि समान समय बनाना महत्वपूर्ण हे और अपने पर्सनल रिलेशन्स को मेन्टेन करना बहोत महत्वपूर्ण हे । मुझे लगता है कि जब इरादे ईमानदार होते हैं, तो वे आमतौर पर खुद हो जाता हे दोस्ती और प्रसिद्धि मे सबसे जयदा महत्वपूर्ण क्या है उनके लिए, इसपर अभिनेत्री का कहना है , दोस्ती, प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होती । इन सम्बन्धो को कायम दिल के करीब बहोत प्रेम के साथ रखना चाइये।

हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि हम सभी को अपने जीवन में सीरत जैसे मित्र की आवश्यकता है, जो परिभाषित करता है कि सच्ची मित्रता क्या है।

# दक्षिणी सुपरस्टार्स के साथ काम करने के अनुभव से खुश हैं कनिष्क सोनी

लोकप्रिय टीवी शो 'दीया और बाती हम', 'पवित्र रिश्ता' और 'देवी आदि पराशक्ति' का हिस्सा रह चुकीं कनिष्क सोनी दक्षिण के सुपरस्टार्स के साथ काम करने के अनुभव से खुश हैं। वह कहती है, दक्षिण मनोरंजन उद्योग का हिस्सा होने से मुझे अभिनय सीखने में मदद मिली है। मुझे 'देवराय' में श्रीकांत जैसे लोकप्रिय सितारों के साथ काम करने का अनुभव है, विवेकानंदन, जिन्हें पेशेवर रूप से विवेक के रूप में जाना जाता है, फिल्म 'पथयराम कोडी' और भी एस. एस. राजामौली सर के साथ। आज के सभी अनुभव मुझे हॉलीवुड प्रोजेक्ट प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं।

कनिष्क ने कनाडा स्थित लेखक-निर्देशक यासर शेख द्वारा बनाई गई एक लघु फिल्म, च्वाइस इज योर नामक एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना में भी काम किया। उन्होंने टीवी उद्योग को इसका हिस्सा बनने के लिए और इसी तरह के अंतरराष्ट्रीय या हॉलीवुड परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए छोड़ दिया।



कनिष्क, जो पेशे से एक गायिका भी हैं, ने लाइव शो के लिए जाने-माने गायकों के साथ प्रदर्शन किया है, जिसमें हार्डी संधू और दिवंगत गायक, सिद्धू मूसेवाला शामिल हैं, का कहना है कि जल्द ही वह हॉलीवुड परियोजनाओं के लिए भी गाएंगी। अभिनय के अलावा, मैं संगीत में भी बहुत सक्रिय हूं। मैं संगीत समारोहों में बॉलीवुड गाने गाकर यहां मनोरंजन करता हूं। और जल्द ही मैं हॉलीवुड के गीतों को भी अपनी आवाज देने की योजना बना रहा हूं।

# आलिया, करीना, प्रियंका और कैटरीना के साथ काम करना चाहते हैं नागा चैतन्य



दक्षिण भारतीय अभिनेता नागा चैतन्य, आलिया भट्ट, करीना कपूर, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ जैसी बॉलीवुड अभिनेत्रियों के साथ काम करना चाहते हैं। नागा चैतन्य ने हाल ही में आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से बॉलीवुड डेब्यू किया है। नागा चैतन्य से सवाल किया गया कि वह किस बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ काम करना चाहते हैं? इस पर चैतन्य ने एक नहीं बल्कि कई अभिनेत्रियों के नाम लिए। उन्होंने कहा कि वह आलिया भट्ट, करीना कपूर, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के साथ फिल्मों में काम करना चाहते हैं। नागा चैतन्य ने बताया, मैं कई अभिनेत्रियों के साथ काम करना चाहता हूं। सबसे पहले तो आलिया भट्ट के साथ। मुझे उनकी परफोर्मेंस बहुत पसंद आती है। हमेशा से प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर के साथ काम करने की विश रही है। बहुत सारी अभिनेत्रियां हैं, बहुत लंबी लिस्ट है। कैटरीना कैफ भी मुझे बहुत खूबसूरत लगती हैं।

## खेल

कौन बनेगा एशिया कप का बैटिंग किंग

# इस साल बाबर आजम तीनों फॉर्मेट में टॉप पर, टूर्नामेंट में 76 की औसत से चलता है विराट का बल्ला




एशिया कप का महाकुंभ 27 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। छह टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। मगर दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले पर हैं। इन दोनों टीमों के बीच यह हाई वोल्टेज मुकाबला 28 अगस्त को खेला जाएगा। पिछली बार दोनों टीमें वर्ल्ड टी-20 2021 में आमने सामने थीं, जहां पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेटों से रौंदकर किसी भी विश्वकप में पहली बार भारत पर जीत हासिल की थी। भारत उस हार का बदला लेने के लिए व्याकुल होगा तो वहीं पाकिस्तान भारत पर दबाव बनाना चाहेगा।

इस मेगा टूर्नामेंट से पहले आइए आपको बताते हैं कौन से वो 5 खिलाड़ी हैं जो एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बना सकते हैं... टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने एशिया कप के टी-20 फॉर्मेट में अब तक 4 पारियों में 76.50 के शानदार औसत से 153 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 56 रन नाबाद है। वहीं, इसके वनडे फॉर्मेट में तो कोहली और कमाल का खेलते आए हैं। 10 पारियों में विराट के बल्ले से 613 रन निकले हैं और उनका औसत 61.30 का रहा है। विराट के शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए ये उम्मीद लगाई जा रही है कि एशिया कप में एक बार फिर विराट का पुराना रूप देखने को मिलेगा।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट में टीम की अगुआई करते दिखेंगे। पिछली बार रोहित की कप्तानी में ही भारत ने सातवीं बार एशिया कप अपने नाम किया था। हिटमैन ने इस साल खेले 13 टी-20 मैचों में 24.16 की औसत और 140 की स्ट्राइक रेट से 290 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64 का रहा है। वहीं, अगर एशिया कप की बात करें तो रोहित शर्मा ने 27 मैचों की 26 पारियों में 42 की औसत और 90 की स्ट्राइक रेट से 883 रन बनाए हैं। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 1 शतक और 7 अर्धशतक जमाए हैं। पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम इस साल हर फॉर्मेट में जमकर रन बना रहे हैं। उन्होंने 2022 में तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 15 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उनके बल्ले से 1406 रन निकले हैं।

# भारत-ए की कप्तानी के लिये पांचाल, विहारी का नाम आगे



**मुंबई** । गुजरात रणजी टीम के अनुभवी खिलाड़ी प्रियांक पांचाल सितंबर में भारत आने वाली न्यूज़ीलैंड-ए टीम के खिलाफ भारत-ए की अगुवाई कर सकते हैं। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत-ए की कप्तानी कर चुके पांचाल को एक बार फिर यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

यदि पांचाल किसी कारण श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले पाते तो हनुमा विहारी टीम की कप्तानी करेंगे। पांचाल इस समय बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं।

उल्लेखनीय है कि न्यूज़ीलैंड-ए टीम सितंबर में भारत का दौरा करेगी। यहां वह बेंगलुरु में तीन चार-दिवसीय मैच, और चेन्नई में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। न्यूज़ीलैंड-ए इससे पहले 2017 में भारत आयी थी।

क्रिकबज़ ने कहा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया जा सकता है, लेकिन टीम कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को भी मौका देना चाहेगी, जो लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं।

## एक नजर

# लखनऊ,कानपुर,बरेली,गोण्डा के खिलाड़ियो ने जीते स्वर्ण पदक



**लखनऊ** । मेजबान लखनऊ, कानपुर, बरेली और गोण्डा के खिलाड़ियों ने पहली यूपी सेंट्रल जोन ताइचाण्डो चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो स्वर्ण पदक जीते। उत्तर प्रदेश ताइचाण्डो संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइचाण्डो संघ द्वारा चौक स्टेडियम के लाल जी टंडन बहुउद्देशीय हाल में खेली जा रही चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को महराजगंज की सांची अग्रवाल, कानपुर की तेजस्वी गुप्ता, अनन्या कटियार, लखनऊ की अविका निगम, शिखर सिंह, बरेली की समीक्षा, फैजान अहमद, बिजनौर के आयुष्मान चौहान, सीतापुर के कार्तिकेय केसरवानी, गोण्डा के शिवा जायसवाल व उत्कर्ष सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। चैंपियनशिप का उद्घाटन यूपी ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष टीपी हवेलिया ने किया।

# प्रमोद, सुकांत ने थाईलैंड में जीता स्वर्ण

**पट्टाया** । भारतीय पैरा शटलर प्रमोद भगत और सुकांत कदम की जोड़ी ने थाईलैंड पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के ड्वियोको ड्वियोको और फ्रेडी सेटियावन को मात देकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने एसएल3-एसएल4 फाइनल में अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों को 21-18, 21-13 के सीधे गेमों में मात दी।



दूसरी ओर, भगत और कदम ने पुरुष एकल में अपने-अपने फाइनल हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। प्रमोद जहां फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेटहेल से 13-21, 19-21 से हारे, वहीं कदम को फ्रांस के लुकास मज़ूर ने 2-21, 17-21 से हराया। भगत ने मैच के बाद कहा, मैं पूरे टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं जीत पर बेटहेल को बधाई देना चाहता हूं। अब मैं प्रशिक्षण मैदान पर वापस जाऊंगा और टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। इसी बीच, रूथिक रघुपति और मानसी जोशी ने मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग के फाइनल में फ्रांस के लुकास मज़ूर और फॉस्टिन नोएल से 21-17, 15-21, 7-21 से हारने के बाद चांदी का तमगा हासिल किया। महिला एकल में मनदीप कौर ने हमवतन मानसी को 20-22, 21-19, 21-14 से हराकर एसएल3 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि मनीषा रामदास ने जापान की कादे कामेयामा को एसयू5 फाइनल में 21-19, 20-22, 21-12 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

US ओपन से हटीं सानिया मिर्जा

# सोशल पोस्ट में किया ऐलान, लिखा- कोहनी में चोट लगी है, रिटायरमेंट प्लान में बदलाव होगा



भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा 29 अगस्त से शुरू हो रहे US ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं। उनके कोहनी में चोट लगी है। सानिया ने मंगलवार सुबह एक सोशल पोस्ट में साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से हटने का ऐलान किया।

35 साल की सानिया मिर्जा ने अपनी इंस्टा पोस्ट में लिखा, नमस्कार दोस्तों, एक क्विक अपडेट। मेरे पास अभी कुछ बहुत अच्छी खबर नहीं है। दो हफ्ते पहले कनाडा में खेलते समय मेरी कोहनी में चोट लगी थी और इस बात का अंदाजा नहीं था कि ये कितना बुरा है, जब तक कि कल मैंने स्कैन नहीं करवाया। जाहिर तौर पर यह महसूस नहीं किया था कि कल तक मेरा स्कैन होने तक यह कितना बुरा था।

सानिया ने लिखा, मैं हफ्तों के लिए बाहर रहूंगी और स ओपन से हट गई हूं। यह ठीक नहीं है और गलत समय पर है, जिसके कारण मेरे रिटायरमेंट प्लान में बदलाव होगा, लेकिन मैं आपको जानकारी देती रहूंगी।सानिया मिर्जा और उनकी क्रोएशियाई जोड़ीदार मेट पाविक पिछले महीने खेले गए विंबलडन की सेमीफाइनलिस्ट रही है। इस जोड़ी को मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। सानिया मिर्जा विमेंस डबल्स इवेंट में नंबर-1 रही हैं। अपने करियर में मिर्जा ने 6 खिताब जीते हैं।

# एशिया कप से पहले 'आत्मविश्वास' के लिये विकेट पर समय बिताना ज़रूरी : राहुल



भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान केएल राहुल ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में जीत के बाद शनिवार को कहा कि उनके लिये एशिया कप से पहले विकेट पर समय बिताना ज़रूरी है ताकि वह थोड़े आत्मविश्वास के साथ एशियाई आयोजन में प्रवेश करें।

भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से मात दी। लंबे समय बाद टीम में वापस आये राहुल भारत की ओर से ओपनिंग करने उतरे थे लेकिन वह सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

कप्तान राहुल ने मैच के बाद कहा, मैं आउट होने के बाद (बल्लेबाजी को लेकर) चिंतित नहीं था। हमारी बल्लेबाजी में गहराई है। यह दूसरे खिलाड़ियों के लिये अच्छा है जिन्हें पिच पर समय बिताने का मौका मिला।

उन्होंने एशिया कप से पहले अपनी तैयारी के बारे में कहा, मुझे विकेट पर समय बिताने की आवश्यकता है। जाहिर है यह श्रृंखला खेलना मेरे लिये महत्वपूर्ण था ताकि मैं कुछ रन और थोड़े आत्मविश्वास के साथ एशिया कप में जा सकूं। दुर्भाग्यवश आज ऐसा नहीं हो सका। उनके पास कुछ अच्छे गेंदबाज हैं। मैंने यह बांग्लादेश के खिलाफ इनकी पिछली श्रृंखला में भी देखा था।

राहुल ने कहा, हम यहां अच्छी क्रिकेट खेलने और जीतने आये हैं। हर अवसर हमारे लिये सम्मानजनक है इसलिए हम अगली बार भी मैदान पर जाना चाहते हैं और अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने बाजार स्थल में किया विरोध प्रदर्शन







**फरसगांव।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी फरसगांव के द्वारा देश में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया ।

छग कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी फरसगांव के द्वारा फरसगांव बाजार स्थल में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, देश में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने एक दिवसीय नुक्कड़ सभा का आयोजन कर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरते हुये नारा बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विजय लांडगे, गुरदीप सिंह पंढेर, जनपद अध्यक्ष शीश कुमारी चनाप, विशाल शर्मा, जयलाल नाग, पुरषोत्तम कुलदीप, राजेंद्र फिलिप, दिपेन्द्र मसीह, रेखा नेताम, तरुण भौमिक, तिजुराम मण्डावी, विक्की दास, मनीष निर्मलकर, दुलम नाग, बुधमन दीवान, सुकालू मरकाम, इंदरमल बघेल, शिवप्रशाद पाण्डेय, अनिल दीवान, पवन दुग्गा एवं सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे ।

## कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा गाजर घास जागरूकता सप्ताह मनाया गया

**कवर्धा** । कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा 16 से 22 अगस्त तक गाजरघास जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिले के विभिन्न ग्रामों जैसे छांटा झा, गांगपुर, चंदैनी, कोसमंदा, नेवारी, बरबसपुर आदि गांवों के स्कूल प्रांगण एवं कृषक प्रक्षेत्र में गाजरघास उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.पी. त्रिपाठी द्वारा कृषकों एवं कृषि अधिकारियों को गाजरघास से होने वाले क्षति एवं उसके बचाव के लिए जानकारी दी। उन्होने बताया कि गाजारघास से मनुष्यों में त्वचा संबंधी रोग, एक्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा जैसी घातक बीमारियां होती है और साथ ही यह खरपतवार जैव विविधिता के लिए खतरा बनती जा रही है। इसके कारण फसलो की उत्पादकता कम हो जाती है। इसे देश के विभिन्न भागो मे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। हमारे देश में यह खरपतवार सन् 1955 में दिखाई दिया था धीरे-धीरे यह 35 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैल चुका है। यह मुख्यत: खाली स्थानों, अनुपयोगी भूमि, औद्योगिक क्षेत्रों, बगीचों, पार्कों, स्कूलो, रहवासी क्षेत्रों सड़को तथा रेलवे लाइन के किनारो पर बहुतायत मात्रा में पाया जाता है। यह खरपतवार वर्ष भर विभिन्न अवस्थाओं में पाया जाता है तथा 3-4 माह में अपना जीवन चक्र पूरा कर लेता है। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि गाजरघास को नियंत्रित करने के लिए फूल आने से पूर्व उखाड़ देना चाहिए एवं इसे इकठ्ठा कर कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट में खाद बनाने के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

## दो शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए हुआ भूमिपूजन

### चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए दो और शहरी स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं। इसके लिए सोमवार को बांझीनपाली और मोदीनगर में भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर महापौर जानकी काटजू ने स्वास्थ्य विभाग के बीते दो साल में किये गए कार्यों की तारीफ की। वहीं विधायक प्रकाश नायक ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र से स्थानीय लोगों को समीप में स्वास्थ्य सुविधाओं के मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। वहीं इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने बताया कोविड संक्रमण काल के बाद से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। लोग अब बीमारी को घर बैठे बढ़ा नहीं रहे हैं बल्कि स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए वह डॉक्टर्स के पास जाना ज्यादा मुनासिब समझ रहे हैं। ऐसे में हमारी भी यह जिम्मेदारी बनती है कि लोगों के समीप एक हॉस्पिटल जरूर हो भले ही उसका स्वरूप छोटा हो पर सामान्य बीमारियों की इलाज के लिए उन्हें ज्यादा दूर न जाना पड़े। इससे हमारे जिले की बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और यही हमारा लक्ष्य है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य विभाग के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा ने बताया रायगढ़ शहर में फिलहाल 3 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 6 हमर क्लीनिक और 6 स्वास्थ्य सुविधा केंद्र चल रहे हैं जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। मोदीनगर में बनने वाले हेल्ड एंड वेलनेस सेंटर में इंदिरा नगर वाले सेंटर जो सिटी डिसपेंसरी में संचालित है को शिफ्ट किया जाएगा जिससे चक्रधर नगर और आसपास के इलाके में रहने वालों को नजदीक में स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। बांझीनपाली वाले में गांधीनगर वाले सेंटर को शिफ्ट किया जाएगा क्योंकि वह अभी सामुदायिक भवन में संचालित है। तीसरा रामभांठा में है जो स्वास्थ्य विभाग के ही भवन में संचालित हो रहा। इन तीन सेंटर्स में मरीजों की काफी तादाद आ रही है और वह स्वस्थ्य होकर जा रहे हैं।



### यह सुविधा रहती है मौजूद

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अपने क्षेत्र का एक छोटा हॉस्पिटल होता है जिसमें चौबीस घंटे डॉक्टर परामर्श के लिए मौजूद होते हैं। साथ ही यह सेंटर हमेशा खुला रहता है। जहां विशेषज्ञ डॉक्टर्स तो होंगे ही साथ ही फिजियोथेरेपी, 24 घंटे 7 दिन प्रसव, बच्चों एवं किशोरों की स्वास्थ्य जांच, परिवार नियोजन एवं प्रजनन

**बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना हमारा लक्ष्य- सीएमएचओ डॉ. केशरी**

स्वास्थ्य सेवाएं, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, संचारी रोगों का प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य के मरीजों की स्क्रीनिंग और प्रबंधन, मुंह-दांत-आंख-कान-नाग-गला का इलाज, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं और आपातकालीन सुविधाएं मौजूद होंगी। महापौर जानकी काटजू, विधायक प्रकाश नायक समेत जनप्रतिनिधियों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानू पटेल, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. योगेश पटेल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों-कर्माचारियों की मौजूदगी में भूमिपूजन संपन्न हुआ।

## कमार जनजातियों के बीच झरियाबहरा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया भूपेश बघेल का जन्मदिन

**गरियाबंद** । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 61 वें जन्मदिन को यादगार बनाने कांग्रेस नेताओं ने तरह तरह के आयोजन किए इस दिन को खास बनाने के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कई कार्यक्रम तय किए। सीएम बघेल के जन्?मदिन पर आदिवासी कमार बालक आश्रम झरियाबाहरा (बेहराडीह) में अतिपिछड़ी कमार जनजाति के बच्चों के बीच केक काटकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन मनाया गया और जनजाति कल्याण के लिए भूपेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को बताकर आश्रम शाला के बच्चों को क्रिकेट बैट बॉल,बैटमिंटन कीट,व्हालीबाल व अन्य खेल सामग्रियों का वितरण किया गया जहां प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवीसिंह कमलेश,वरिष्ठ कमार नेता बाहरू राम नेताम,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष द्वय हरिश्वर पटेल,नजीब बेग,युवा कांग्रेस नेता गजेंद्र नेगी,राहुल निर्मलकर,वीरेंद्र राजपूत,रेखा लाल मांझी,भुनेश्वर मरकाम, आश्रम अधीक्षक महेश कुमार नेताम,जगमोहन बीसी,डागेश्वर नेताम,मनोज शर्मा सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट* में भी जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के नेतृत्व में गौठान में जन्मदिन समारोह का आयोजन ग्रामवासियों के बीच रखा गया जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी।

## एक नजर

### गैंगरेप का मुख्य आरोपी फरार सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**कांकेर** । 2021 में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में फरार बर्खास्त पुलिस उप निरीक्षक किशोर तिवारी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में भानुप्रतापपुर में पुलिस सब इंस्पेक्टर किशोर तिवारी एवं उसके तीन साथियों ने मिलकर एक युवती के साथ सामुहिम दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से मुख्य आरोपी पुलिस उप निरीक्षक किशोर तिवारी को बर्खास्त कर दिया गया था। वहीं अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी किशोर तिवारी फरार हो गया था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। इसी दौरान भानुप्रतापपुर पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बिलासपुर में है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी का बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आरोपी को भानुप्रतापपुर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### श्याम मित्र मंडल ने धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

#### फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**कोरबा** । मिशन रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर में श्याम मित्र मंडल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्याम मंदिर में महाआरती का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष राजकुमार मोदी ने बताया कि श्याम मंदिर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई। विशेष तौर पर सुसज्जित किए गए भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी छटा देखते ही बनी। इस दौरान विभिन्न आयोजन किए गए। फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। धार्मिक नृत्य, भजन गंगा के साथ ही जन्माष्टमी के अवसर पर नारियल फेंको, सेल्फी विथ लड्डू गोपाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाम 7 बजे उपस्थित जोड़ों के द्वारा विशेष आरती थाल के साथ भगवान श्रीकृष्ण महाआरती की गई। भगवान के रात 12 बजे जन्म लेने पर आतिशबाजी व पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया। आरती पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी व श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### जिला चेम्बर ऑफकॉमर्स के कार्यसमिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

**कोरबा** । जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवीन कार्यसमिति की प्रथम बैठक चेम्बर भवन, कोरबा में आयोजित की गई। जिसमें मार्गदर्शक के रूप में पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक रामसिंह अग्रवाल, लायन एम.डी.माखीजा एवं राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। इस बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति के सदस्यों ने जिला चेम्बर से सम्बंधित मुख्य बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया जिसमें जिन व्यापारियों की आजीवन सदस्यता मृत्यु उपरांत समाप्त हो गई है, ऐसे फर्म का पुन: पंजीयन करने हेतु, नये सदस्य बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपना एवं चेम्बर भवन के प्रथम तल के निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए कोरबा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों को सक्रिय रहने का प्रस्ताव पारित किया गया ताकि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। चेम्बर के अध्यक्ष योगेश जैन ने जिले के सभी क्षेत्रों के व्यापारियों से आग्रह किया कि जो व्यापारी चेम्बर के सदस्य नहीं बने हैं, वे शीघ्र सदस्य बनें ताकि उन्हें पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जा सके।

चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक रामसिंह अग्रवाल ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि सभी व्यापारी अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजग रह कर शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी बातें रख सकते हैं जिससे सभी समस्याओं का निराकरण होगा। वर्तमान अध्यक्ष योगेश जैन ने भी इस बात पर जोर दिया कि जिला चेम्बर जैसी प्रमुख संस्था में सभी सदस्य यदि सकारात्मक मानसिकता से अपना योगदान दें तो बड़ी से बड़ी समस्या को हम हल कर सकते हैं।

लॉयन एम.डी. माखीजा ने वर्तमान कार्यकारिणी की प्रशंसा करते हुए उम्मीद जताई कि चेम्बर का यह कार्यकाल व्यापारियों के लिए हित में बेहतर साबित होगा। चेम्बर के महामंत्री विनोद अग्रवाल ने नवीन कार्यकारिणी के समक्ष अब तक किये गये सभी सामाजिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और व्यापारियों के हित में चेम्बर द्वारा भविष्य में किये जाने वाले आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की।

बैठक में सर्व ओमप्रकाश रामानी, नरेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, आर.पी. तिवारी, कंवरलाल मनवानी, कन्हैयालाल कलवानी, अमीन पारेख, कैलाश मोदी, वीरू बजाज, टेकचंद रामानी, मनोज अग्रवाल, आशीष गोयल, राजेन्द्र डागा, मनीष अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, विनोद कुमार सिन्हा, सत्येन्द्र पूरी, अनिल अग्रवाल, मुरली साहू, कृष्ण गोपाल मित्तल, हरविंदर सिंह, पारस जैन, राकेश खूबचंदानी, नियाज नूर आरबी, श्यामलाल कलवानी, राजेश बगरिया, प्रकाश अग्रवाल, निराकार बेहरा, राकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

## रोजगार कार्यलय घेराव भाजपा का राजनीति ड्रामा : सैय्यद अफजल

**राजनादगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ये बताए 15 सालों में कौन सा उद्योग राजनांदगांव में लगाये थे, जिसे कांग्रेस ने बंद कर दिया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जिस तरह से बेरोजगार कार्यालय लिखा हुआ पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे है वो हास्यप्रद है। ये खुद 5 वर्ष सांसद रहे चुके है ये बताये इन्होंने अपने कार्यकाल कितने उद्योग लगाए है। वर्तमान विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री इनके पिता डा. रमन सिंह 3 बार राजनादगांव व डोंगरगांव से विधायक रह चुके है।

सैय्यद अफजल ने कहा भाजपा सिर्फ रोजगार आंदोलन कर के राजनैतिक रोटी सेक रही है। राजनादगांव में तत्कालीन सांसद विधायक भाजपा के ही है। 15 साल प्रदेश में सत्तासीन रही भाजपा अगर चाहे तो केंद्र और राज्य से समन्वय बना कर उद्योग स्थापित कर सकती हैं। सैय्यद अफजल ने कहा राजनांदगांव से विधायक चुन



कर आने पर प्रदेश में मुख्यमंत्री रह चुके डा. रमन सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में व्यापार उद्योग स्थापित क्यों नहीं की। राजनांदगांव में भी जमीन, पानी, नदी की समुचित व्यवस्था है यहां पर भी गन्ने की खेती हो सकती थी। यहां पर अपने गृह नगर कबीरधाम की तरह शक्कर कारखाना लग सकता था। अटल बिहारी सरकार में राजनादगांव से सांसद रहे डा. रमन सिंह केंद्र में उद्योग मंत्री रह चुके है, इनके ही कार्यकाल में लोगों की जीवनदायी बीएनसी मिल बंद हुआ। बीएनसी मिल्स से ही शहर जिले का व्यापार क्षेत्र बाजार गुलजार होता था। व्यापारी 10 और 25 तारीख का इंतेजार करते थे, इन्हीं तारीखों को मील कर्मचारियों का पगार होता था, इसका मतलब तो ये हुआ भाजपा ने ही अपने कार्यकाल में चलता हुआ व्यापार उद्योग को बंद कर दिया। 15 साल प्रदेश में सरकार होने पर भी भाजपा राजनादगांव में उद्योग नहीं लगा पाई। सैय्यद अफजल ने कहा कि मोदी सरकार के 8 साल भाजपा के झूठे वायदों और जनता को मुंह चिढ़ाने वाले साबित हुये। जनता से हर के खाते में 15 लाख देने के वायदों को जुमला बता दिया। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार-नौकरी देने के वायदे पर मोदी सहित पूरी भाजपा की बोलती बंद है। अच्छे दिन लाने का वायदा जनता से किया था आप जनता के बीच में जाकर सर्वे कर लो जनता बतायेगी अच्छे दिन आये क्या? देश के तीन नाम चीन उद्योपतियों के तीनों धन्ना सेठ हर दिन 1000 करोड़ कमाने लगे 35 रूपये लीटर पेट्रोल देने का वायदा करने वाले मोदी पेट्रोल-डीजल पर 35 रूपये एक्साइज वसूलने लगे थे।

## सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाने कि दिशा में प्रशंसनीय कदम- डॉ. रमन सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी रायगढ़ प्रवास के दौरान उच्च विश्राम गृह में नगर निगम के पूर्व सभापति व पार्षद सुभाष पाण्डेय द्वारा विगत 15 वर्षो से बैकुण्ठपुर सामुदायिक भवन में संचालित नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत् प्रशिक्षित महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये। उक्त अवसर में डॉ. रमन सिंह जी ने प्रधानमंत्री कौशल उन्नयन विकास योजना के अन्तर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाने पर प्रशंसा व्यक्त की एवं महिलाओं द्वारा तैयार किये गये वस्त्रों की सराहना की आगे संबोधित करते हुए रमन सिंह ने कहा कि सुभाष पाण्डेय एवं महिला प्रशिक्षक मीनाक्षी सोनी द्वारा सिलाई प्रशिक्षण के जो



कार्यक्रम है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। जिसकी प्रदेश स्तर में प्रयास करके भविष्य में अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अपने क्षेत्रों में लागू करना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री ओपी चौधरी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से चलाये जाने पर प्रशंसा प्रकट की एवं प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए उक्त कार्यक्रम को आत्मनिर्भर बनाये जाने की दिशा में एक साहसिक कदम बताया। कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनीति राठिया, सत्यानंद राठिया, जवाहर नायक, जगन्नाथ पाणिग्रही, गुरूपाल भल्ला, उमेष अग्रवाल, श्रीकान्त सोमावार, शीला तिवारी, पूनम सोलंकी, गोपिका गुप्ता, ज्योति पटेल, अरूण कातोरे, ज्ञानू मोदी, मनीष गांधी, पवन शर्मा अभिषेक शर्मा, सीबी पाण्डेय, चिन्टू साबरी, लल्ला देवांगन, सौरभ चौधरी, शांतनु दूबे सहित सिलाई केन्द्र की प्रशिक्षिका मीनाक्षी सोनी उपस्थित थी। कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रदर्शन पार्षद सुभाष पाण्डेय ने डॉ. रमन सिंह के गरिमामयी उपस्थिति के लिए किया।

**सिलाई प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए सुभाष पाण्डेय एवं प्रशिक्षिका मीनाक्षी सोनी के प्रयास को अनुकरणीय बताया**



# प्रभावशाली लोग करेंगे कोविड टीके के लिए प्रेरित

## कोविड टीके के मामले में प्रदेश में रायगढ़ बेहतर स्थिति में

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

**कोविड टीके के दोनों को डोज को सबसे पहले लगाने का कीर्तिमान स्थापित कर चुका रायगढ़ जिला अब बूस्टर डोज को पूर्ण रूपेण लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। सभी पीएसची, सीएचसी के अलावा जरूरत के हिसाब से टीकाकरण केंद्र पूरे जिले में बनाए गए हैं स्वास्थ्य विभाग की टीम घर–घर जाकर भी कोविड टीका लगा रही है।**



रायगढ़ शहरी क्षेत्र में 20 वार्ड में टीम घर.घर जाकर टीका लगा चुकी है। बूस्टर डोज 30 सितंबर तक पात्र लोगों को मुफ्त में लग रही है इसमें कार्य में तेजी एवं लोगों में जागरूकता लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग तरह–तरह के जतन कर रहा है इसी क्रम में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में इंफ्लूएंसर यानी समाज के प्रभावशाली लोग जिसमें पुजारी, मास्टर, समाज सेवक, संगठनों के पदाधिकारी, समाज के प्रतिनिधि, युवा, संगीत कला इत्यादि से जुड़े लोग रहेंगे। जिन्हें बूस्टर डोज के महत्व को बताया जाएगा जिससे वे लोगों को बूस्टर डोज लगाने के लिए प्रेरित कर सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने कहा जिले में अभी भी पात्र 1.5 लाख बुजुर्गों ने अभी बूस्टर डोज नहीं लिया है। इसलिए ऐसे लोगों से अपील है कि वह टीकाकरण केंद्रों में जाकर टीका जरूर लगवाएं। डोर टू डोर सुविधा भी हमने दी है लेकिन लोग केंद्र में लगवाएंगे तो टीकाकरण और शीघ्र होगा। जिन वार्डों या ग्रामों में डोर टू डोर के सेशन प्लान हैं वहां के लोगों से अपील है कि लोग पहले से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एकत्रित रहें जिससे टीका लगाने वाली टीम ज्यादा लोगों को कवर कर सके। हमें समय पर बूस्टर डोज से पूर्ण टीकाकृत होने वाला जिला बनना है जिससे हम कोविड के संभावित खतरे से सुरक्षित रह सकें। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा ने बताया 20 वार्डों में घर–घर बूस्टर डोज लग चुका है शेष 28 वार्डों में अभी स्वास्थ्य विभाग की टीम जाएगी। इसके बाद जब सभी वार्डों में एक बार हमारी टीम जा चुकी होगी तब फि र महाभियान लगाकर टीका लगाया जाएगा। लोगों को प्रेरित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावशाली लोगों की मदद भी ली है। कल उनके साथ बैठक है जिसके बाद उम्मीद है कि टीकाकरण की रफ्तार में तेजी आएगी।

### कोविड टीके कुल 29 लाख डोज लगे

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के 28 जिलों में रायगढ़ जिला 29.69 लाख डोज के साथ बेहतर स्थिति में है जिसमें 12.34 लाख लोगों ने पहलाए 14.26 लाख लोगों ने दूसरा और 3.07 लाख लोगों ने बूस्टर डोज लगवाया है।

### लक्षण दिखे तो कराएं कोविड टेस्ट– डॉ. केसरी

जिले में वर्तमान में 50 के करीब कोविड के मामले सक्रिय हैं। सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने कहा मौसम में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में तबीयत खराब होती है लेकिन जिन लोगों में कोविड के लक्षण दिख रहे हैं वह कोताही कतई न बरते। तुरंत अपना कोविड टेस्ट कराएं। जिले के सभी सीएचसी पीएचसी में कोविड टेस्ट की सुविधा है। रायगढ़ शहरी क्षेत्र में पंजरी प्लाट स्थित निगम ऑडोटोरियम, रामभांठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गांधी नगर नगर स्वास्थ्य केंद्र और रेलवे स्टेशन में कोविड टेस्ट हो रहा है। साथ स्वाइन फ्लू से भी लोग सावधान रहें।

## एक नजर

### कक्षा में 10 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गुरूकूल इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा प्राची गुप्ता को सीईओ मिश्रा ने किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरूकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल पुसौर की छात्रा कु. प्रार्ची गुप्ता को कक्षा 10 वीं में 96.16 प्रतिशत अंक के साथ पूरे स्कूल रैंक में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने प्राची गुप्ता को आगे खूब मन लगाकर पढ़ाई करने एवं अपने माता–पिता एवं देश–दुनिया में नाम रोशन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। सीईओ मिश्रा ने कहा कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास प्राथमिक शिक्षा से शुरू होता हैं। बच्चों की इस आयु में सीखने–जानने की जिज्ञासा होती है जिसकी पूर्ति प्रारम्भिक शिक्षा से सम्भव हैं। दूसरा कारण है शिक्षा का अधिकार सामाजिक परिवर्तन के लिए आवश्यक हैं। शिक्षा व्यक्ति की विचारधारा को विस्तृत बनाती है और सामाजिक सिद्ध होती है। यह अनेक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाती है तथा राष्ट्रीय विकास में सहायक की भूमिका निभाती हैं। इसलिए जीवन में शिक्षा अमूल्य है।

### श्याम मंदिर में भगवान कृष्ण की महा आरती का आकर्षण

धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

**कोरबा ।** मिशन रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्याम मंदिर में महाआरती का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा।

श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष राजकुमार मोदी ने बताया कि श्री श्याम मंदिर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई। विशेष तौर पर सुसज्जित किए गए भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी छटा देखते ही बनी। इस दौरान विभिन्न आयोजन किए गए। फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। धार्मिक नृत्य, भजन गंगा के साथ ही जन्माष्टमी के अवसर पर नारियल फेंको, सेल्फी विथ लड्डू गोपाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। शाम 7 बजे उपस्थित जोड़ों के द्वारा विशेष आरती थाल के साथ भगवान श्रीकृष्ण महाआरती की गई। भगवान के रात 12 बजे जन्म लेने पर आतिशबाजी व पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया। आरती पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी व श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### नाबालिग के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली पत्नी गिरफ्तार

**राजनादगांव ।** पति के रोज–रोज शराब पीने तथा मारपीट करने से त्रस्त महिला ने एक नाबालिग के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला चिखली चौकी क्षेत्र का है जहां संतोषी मरकार नामक महिला एक नाबालिग को पैसे का लालच देकर अपने पति गजेन्द्र मरकाम की हत्या करने में सहयोग करने राजी कर लिया और पति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार संतोषी मरकार अपने पति गजेन्द्र के शराब पीने की आदत से परेशान रहती थी। गजेन्द्र अक्सर शराब पीने के बाद संतोषी के साथ मारपीट करता था। इसी से त्रस्त होकर संतोषी ने मोहल्ले के ही रहने वाले एक नाबालिग को पैसे का लालच देकर अपने साथ किया। घटना वाले दिन सोमवार को 22 अगस्त रात लगभग सात बजे महावीर साहू एवं अपचारी बालक ने गजेन्द्र मरकाम को अधिक मात्रा में शराब पीला दिया। इससे गजेंद्र को अधिक नशा हो गया। और वह छत पर ही सो गया। इधर पत्नी संतोषी मरकाम ने जब अपने पति गजेन्द्र मरकाम को फिर नशे की हालत में देखा तो आगबबुला हो गई और नाबालिग के साथ मिलकर उसके मुंह एवं सिर को गमछा से लपेट कर तथा मुंह के उपर तकिया रखकर दबाया तथा नाबालिग ने प्लास्टिक के पाईप से मृतक का गला दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय गजेन्द्र की मां छत पर टहलने गई थी और उसने अपनी बहु व नाबालिग को गजेन्द्र की हत्या करते देख लिया ।

# नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर कलेक्टर रानू साहू पहुंची सारंगढ़, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नवगठित जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ में संभावित आगमन को लेकर कलेक्टर रानू साहू आज सारंगढ़ जिले का दौरा की एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा, ओएसडी डी.राहुल वेंकट, ओएसडी पुलिस राजेश कुकरेजा भी साथ रहे। रायगढ़ जिले से अलग होकर नवीन जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ जल्द ही अस्तित्व में आ जाएगा। जिले के शुभारंभ की तैयारी जोरों पर है। कलेक्टर साहू ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभा स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल का मुआयना किया। उन्होंने सभा स्थल, कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों की बैठक व्यवस्था सहित पार्किंग स्थल में पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए वाटर प्रुफ मंच और सभा स्थल बनाने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर साहू ने यहां जिला कार्यालय भवन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य विभागीय जिला कार्यालय के लिए चिन्हित भवन में व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा नवीन जिले के सुचारू संचालन के लिये कलेक्ट्रोरेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधोसरचना निर्माण एवं आवश्यक मरम्मत के निर्देश पीडब्लूडी को दिए। इस अवसर पर ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खाम्बरा, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर.एच.पाण्डेय, उप संचालक कृषि श्री हरिश राठौर, सहायक आयुक्त आदिम जाति अविनाश श्रीवास, खाद्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हैप्पी बर्थ डे कका, सीएम ने लाइव होकर स्वीकारी शुभकामनाएं,

## युवाओं व खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ बनाने और युवाओं को राजीव युवा मितान क्लब से जोड़ने वाले कका छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन ऊर्जाधानी कोरबा में उनके समर्थकों सहित शुभचिंतकों ने अनेक आयोजन कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दीर्घायु होने की कामना की। छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ व युवाओं को विकास के लिए शतत अग्रसर छग के सीएम का जन्मदिन मनाने के लिए विविध खेलों से जुड़े युवाओं और बच्चों लड़कियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कोरबा में भी विभिन्न संगठनों संस्थाओं के लोगों ने उनका जन्मदिन मनाकर लंबी उम्र की कामना की है। विभिन्न खेलों के खिलाड़ी युवाओं और बच्चों ने सीएम से लाइव होकर उन्हें जन्मदिन की अपनी शुभकामनाएं दी जिसे सीएम ने सहर्ष स्वीकार किया। कोरबा जिले में सीएम का बर्थ डे सेलिब्रेट करने का सिलसिला सुबह से प्रारम्भ है जो देर शाम रात तक विभिन्न आयोजनों के मध्य चलता रहेगा।

# गाजरघास उन्मूलन जगरूकता सप्ताह कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा इंजी.आर.के. स्वर्णकार, प्रमुख वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में 16 से 22 अगस्त तक जिले के विभिन्न स्थानों एवं ग्रामों में गाजरघास उन्मूलन जगरूकता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस घास को चटक चांदनी के नाम से भी जाना जाता है यह बड़े आक्रामक तरीके से फैलती है, यह एकवर्षीय शाकीय पौधा है। जैव विविधता एवं पर्यावरण के लिये गंभीर खतरा के साथ–साथ पार्कों, खेतों, रोड एवं रेल्वे लाइनों के किनारों, सामुदायिक व परती




भूमि पर कब्जा कर ले रहा है तथा फसलों के उत्पादन को प्रभावित कर रहा है। संवेदनशील मनुष्य इसके संपर्क में आने पर एग्जिमा, बुखार, दमा व नजला जैसी घातक बीमारियां हो रही है। दूधारू पशुओं के द्वारा खाने पर दूध की मात्रा व गुणवता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे इसका उन्मूलन जरूरी है। इस घास को कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिये भी उपयोग किया जा सकता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्र के सभी वैज्ञानिकों डॉ. मनीषा चौधरी, के.के.पैकरा, डॉ.सी.पी.एस. सोलंकी, के.डी.महंत, डॉ.एन.सी. बंजारा, एन.के.पटेल, अन्य स्टाफ एवं किसान बन्धुओं का विशेष सहयोग रहा।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ को अपने मुख्यमंत्रीतत्व कार्यकाल में नित नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले, जनता के सच्चे हितैषी, छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र, छत्तीसगढ़ के संस्कृति को पुनर्जीवित करने वाले, हमारे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का आज जन्मदिन है। जिसे प्रदेश भर में जोर.शोर के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ में भी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन रायगढ़ की महापौर जानकी काटजू की अगुवाई में कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटकर मनाया गया।



सर्वप्रथम महापौर और सभी कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ पूरा कार्यालय गुंजा दिया। उसके पश्चात महापौर जानकी काटजू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन वाले केक को काटकर सभी को बधाई दी। उसके पश्चात सभी का मुंह मीठा और स्वल्पाहार कराया गया।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का संक्षिप्त जीवन परिचय

छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज जन्मदिन है। भूपेश बघेल का जन्म 23 अगस्त 1961 को अविभाजित मध्य प्रदेश के दुर्ग जिले की पाटन तहसील में हुआ था। उन्होंने 80 के दशक में यूथ कांग्रेस के साथ अपनी सियासी पारी की शुरुआत की। वहीं 1990 से 94 तक वह जिला युवक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष रहे और 1993 से 2001 तक मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के निदेशक रहे। रमन सरकार के 15 साल के राज के बाद हुए विधानसभा चुनाव 2018 में भूपेश की मेहनत रंग लाई। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत मिली। भूपेश बघेल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। सीएम बनने से लेकर अब तक के सफर में उन्होंने जमीन से जुड़ी कई योजनाए लाईं। जिसमें नरवा, गरुवा, घुरुवा और बारी योजना प्रमुख है। नीति आयोग की ओर से भूपेश सरकार की योजनाओं को सराहा गया है। हाल ही में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की भी काफी तारीफ की थी।

# शिक्षा के क्षेत्र में शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद स्कूल-प्रभारी सचिव निरंजन दास

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।





जिले के प्रभारी सचिव निरंजन दास रायगढ़ प्रवास के दौरान आज नटवर स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी आत्मानंद के तहत संचालित अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों का निरीक्षण किया और बेहतर संचालन की तारीफ की। प्रभारी सचिव दास ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद स्कूल शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका लाभ छत्तीसगढ़ में प्रत्येक बच्चों को मिल रहा है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव दास ने स्कूल के विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा बच्चों से बात की। प्रभारी सचिव दास ने कक्षा छठवीं में अध्ययनरत दीपांशु से पूछा कि आत्मानंद स्कूल अन्य स्कूलों से कैसे अलग है? तो दीपांशु ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित होती है, साथ ही यहां स्मार्ट क्लास की सुविधा है, जिससे पढ़ाई में आसानी होती है। यहां के सभी स्टाफ भी अच्छे है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं के प्रीति मिश्रा, अनु चौधरी व आवेश ने स्कूल की विशेषता एवं टीचिंग स्टाफ से संबंधित जानकारी दी। विद्यार्थियों ने गांधी के बारे में बताते हुए विषय अंतर्गत पूछे गए सवालों को भी बेहतर ढंग से प्रभारी सचिव को बताया। इसी प्रकार हिन्दी मीडियम के कक्षा 6 वीं के आदित्य साहू ने टाइम मैनेजमेंट के सवालों का जवाब दिया। प्रभारी सचिव दास ने स्कूल में संचालित कंप्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी को भी देखा और कंप्यूटर क्लास की बेहतर व्यवस्था को देखकर प्रशंसा की। उन्होंने ग्रंथपाल को यहां रखे पुस्तकों को बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही ताकि बच्चे प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयार हो सके।

### मिलेट्स कैफे में रॉगी व्यंजन का लिया स्वाद

प्रभारी सचिव दास ने शहर में स्थित मिलेट्स कैफे भी पहुंचे। यहां उन्होंने रागी से बने व्यंजनों को चखा। मिलेट्स कैफे की बने व्यंजनों की तारीफ करते हुए इसका व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए ताकि महिला समूह को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### प्रभारी सचिव पहुंचे सी–मार्ट, खरीदे समान

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव दास सी–मार्ट पहुंचे। यहां उन्होंने सी–मार्ट में रखे सभी सामानों को देखा। इस दौरान उन्होंने सी–मार्ट में सामान खरीदने आये मोहम्मद याकूब से बात की। मोहम्मद याकूब ने बताया कि समूह द्वारा बनाया गया यहां के सभी सामान अच्छी क्वालिटी के है। जब से सी–मार्ट खुला है तब से मैं तीन से चार बार यहां सामान खरीद चुका हैं। प्रभारी सचिव दास ने सी–मार्ट में सामानों की आंगनबाड़ियों एवं स्कूल के लिंकेज के संबंध में चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि आंगनबाड़ी एवं स्कूलों को लिंकेज सीधा महिला समूह से किया गया है, समूह द्वारा खाद्यान्न की पूर्ति की जाती है। इस दौरान प्रभारी सचिव श्री दास ने सी–मार्ट में बिक्री के लिए रखे गये लैलूंगा की प्रसिद्ध जवाफूल चावल और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदी की।

# धरमजयगढ़ क्षेत्र के गांव किनारे हाथियों की धमक, दहशत में ग्रामवासी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मौजूदा समय मे हाथियों से धरमजयगढ़ क्षेत्र थर्राया हुआ है चारों दिशाओं में हाथी की मौजूदगी है खबर के अनुसार बिती रात मेंडरमार ढालीपारा में हाथी घुस आए थे। इसके अलावा अन्य गांव किनारे भी हाथियों की मौजूदगी बताई जा रही है।



सागरपुर, पोटिया, दर्रीडीह और ओंगना ग्राम के आस पास जंगल में हाथी चहलकदमी कर रहे हैं, आपको बता दें छाल रेंज में 26 हाथी, धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत 30 तो वहीं बाकारूमा में 3 और लैलूंगा रेंज में 1ह 1थी कुल मिलाकर पूरे धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में 60 हाथी घूम रहे हैं और लगातार गांव किनारे घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं ऐसे में संबंधित वन अधिकारी कर्मचारी व खासकर दैनिक वेतन भोगी हाथी मित्रदल के हड़ताल में जाने से हाथी प्रभावित ग्रामवासियों को किसी तरह का सहयोग नहीं मिल पा रहा है लिहाजा गांव किनारे मौजूद हाथियों से प्रभावित ग्रामवासी डरे सहमे हुए हैं फिलहाल उनका साथ देने वाला कोई नहीं है ऐसे विकट हालात में नुकसानी व जानमाल की सुरक्षा को लेकर उनके समक्ष भयावह समस्या मुंह खोले बैठा है हाथी से ग्रामीण मजबूरन जानमाल की सुरक्षा को लेकर रतजगा करने को बेबस है ऐसे में सवाल उठता है हाथियों से किसी तरह की अप्रिय अनहोनी घटना घटित हो जाती है तो जिम्मेदार कौन?

## जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यसमिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवीन कार्यसमिति की प्रथम बैठक चेम्बर भवन, कोरबा में आयोजित की गई। जिसमें मार्गदर्शक के रूप में पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक रामसिंह अग्रवाल, लायन एमडी माखीजा एवं राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। इस बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति के सदस्यों ने जिला चेम्बर से सम्बंधित मुख्य बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया जिसमें जिन व्यापारियों की आजीवन सदस्यता मृत्यु उपरांत समाप्त हो गई है, ऐसे फर्म का पुनः पंजीयन करने हेतु, नये सदस्य बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपना एवं चेम्बर भवन के प्रथम तल के निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए कोरबा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों को सक्रिय रहने का प्रस्ताव पारित किया गया ताकि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। चेम्बर के अध्यक्ष योगेश जैन ने जिले के सभी क्षेत्रों के व्यापारियों से आग्रह किया कि जो व्यापारी चेम्बर के सदस्य नहीं बने हैंए वे शीघ्र सदस्य बनें ताकि उन्हें पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जा सके।

## धरमजयगढ क्षेत्र की सड़कों की बदहाली दे रही दुर्घटना को न्यौता



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ क्षेत्र में इन दिनों सड़कों की हालत इतनी खराब हो गई है कि जिधर भी नजर दौड़ाए बड़े बड़े गड्ढे ही नजर आते हैं। मोटर कार, यात्री बसें यहां तक कि पैदल राहगीरों को भी सड़क पर चलना यानी जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। सड़कों की हुई बदहाल स्थिति बयां करती है कि शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि किस कदर चुप्पी साधे हुए हैं अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में आम जनता अपनी व्यथा कहें तो आखिर किससे। बात करें धरमजयगढ़ से कापु मुख्य मार्ग की दर्राघाट के पास सड़क चौड़ीकरण की दशा अस्त व्यस्त हो गई है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर ठीक घाट के पास नीचे सीमेंट पोल पाईप पर बनी पुलिया, किनारे से क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे आवागमन करने वालो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि इसे समय रहते दुरूरत नहीं कराया गया तो निसंदेह हादसे की वजह बन सकती है।



## मतदाता सूची में आधार डेटा प्रविष्टि

**गरियाबंद ।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता सूची में पंजीकृत सभी मतदाताओं से आधार डेटा संग्रह कर, मतदाता सूची में डेटा को जोडने और प्रविष्टियों के प्रमाणीकरण और एक से अधिक बार पंजीबद्ध व्यक्तियों के नाम की पहचान करने के लिये निर्देशित किया गया हैं। मतदाताओं से आधार संग्रह के लिये निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-1960 के नियम 26बी में आयोग द्वारा आवश्यक संशोधन किया जाकर, मतदाताओं के आधार संख्या (डाटा/नंबर्स) को मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर लिये जाने का प्रावधान किया गया हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार इस कार्य के लिये पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी पंजीकृत मतदाताओं से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर आधार नंबर (फार्म-6बी) प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बीएलओस द्वारा गरूड़ा एप्प, इरोनेट, एनवीएसपी, वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी आधार नंबर्स दर्ज किये जाने कार्य किया जावेगा। मतदाता स्वयं भी अपना एवं अपने परिवार के सभी निर्वाचक सदस्यों का आधार नंबर वोटर हेल्पलाइन एप्प पर मतदाता सूची से लिंक कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम के तहत् 04 सितम्बर 2022 (दिन-रविवार) को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। जिसमें कार्यालयीन समय में सभी मतदान केन्द्रों में बी.एल.ओ. उपस्थित रहकर आधार नंबर (फार्म-6 बी) प्राप्त करने का कार्य करेंगें। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 04 अर्हता तिथियों के संदर्भ में निर्वाचक नामावली तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं तथा इस हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में आवश्यक संशोधन किये गये हैं।

## पेंशनरों में रोश, निकाली रैली

**कवर्धा ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय सेवा निवृत्त कर्मचारियों की लगातार उपेक्षा से सभी पेंशनरों में काफी रोष व्याप्त है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक मई से 5 प्रतिशत की महंगाई राहत की वृद्धि की गई है , जिसका आदेश अभी 1 सप्ताह पूर्व किया गया है,जबकि शासकीय कर्मचारियों को मई माह के वेतन से ही यह काम किया जा रहा है। अभी शासकीय कर्मचारियों के वेतन में पुन्ह6 प्रतिशत वृद्धि के आदेश शासन द्वारा दिए गए हैं इस प्रकार कुल वृद्धि 28ब महंगाई भत्ते की होगी, जबकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मात्र 22 प्रतिशत महंगाई राहत प्राप्त होगी। आज की स्थिति में अन्य प्रदेशों में कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता उनकी वेतन मिल रहा है और उसी प्रकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी 34प्रतिशत महंगाई राहत उनकी मूल पेंशन में मिल रही है।

## एक नजर

### दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे 65 वर्षीय वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलवारी पारा से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे 65 वर्षीय वृद्धा चिंताराम जगत निवासी अमतराई रानीगांव वाले की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया गया कि वह अपने मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर सीजी 10 बीबी 0334 में सवार होकर फुलवारी पारा अपने रिश्तेदार के यहां से वापस अपने घर को लौट रहा था अभी वह रतनपुर शा. महामाया कालेज के पास पहुंचा ही था कि बाइक गाय से जा टकराई घटना इतनी जबरदस्त थी की चिंताराम की मौके पर ही मौत हो गई, वही दूसरी मोटरसाइकिल पर मृतक का पुत्र पीछे-पीछे आ रहा था जिन्होंने इस घटना को अपनी आंखों से देखा और उन्होंने तत्काल रतनपुर पुलिस को इसकी सूचना दी, जिस रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से शव को उठा कर रतनपुर समुदायिक केंद्र लाया गया जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### धूमधाम से मनाया जाएगा राणी सती दादी का भादवा अमावस्या उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

धर्म नगरी खरसिया के छपरी गंज स्थित झुंझनु वाली दादी राणी सती मंदिर में दादी जी का भादवा अमावस्या बड़ी धुम धाम से राणी सती सेवा समिति द्वारा 26 एवं 27 अगस्त दो दिन मनाया जावेगा। राणी सती सेवा समिति के अमोल अग्रवाल भुरू ने बताया कि दादी भक्तों के लिए भादवा अमावस्या के अवसर पर दो दिवसीय उत्सव दादी सती मंदिर में मनाने की तैयारी जोरो से चल रही है। 26 अगस्त शुक्रवार को रतजगा एवमं 27 अगस्त को चुंदड़ी चूड़ा सिंगार सुबह 10 बजे, आरती पूजन सुबह 11 बजे इसके पश्चात भंडारे का प्रसाद दोपहर 12.30 बजे से प्रारम्भ होगा उसके बाद जमशेदपुर के प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचक सूरज शर्मा व संतोष शर्मा आएगी। दादी जी के मंगल पाठ में भक्तों के लिए बैठने की व्यवस्था समिति द्वारा विशेष की गई है। दादी राणी सती जी के मंदिर को रंग बिरंगी विद्युत झालरो से सजाया गया है। झुंझनु वाली राणी सती धर्मादा ट्रस्ट व राणी सती सेवा समिति के सभी लोग कार्यक्रम को भव्यता देने में दिन रात लगे हुए है।

### दस्तावेज सत्यापन सह कौशल परीक्षा 25 को

**गरियाबंद ।** जिले में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को उनकी पात्रता अनुसार रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदकों की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों का जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा विधिवत परीक्षण उपरांत 55 पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। उक्त पात्र अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन सह कौशल परीक्षा 25 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे एमआईएस लैब जिला पंचायत गरियाबंद में आयोजित किया गया है। उक्त कौशल परीक्षा में नियत तिथि समय एवं स्थान में दस्तावेज सत्यापन हेतु पूर्व में आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ पात्र आवेदकों को उपस्थित होना होगा।

### महिला मुखिया को भूमि अधिकार को लेकर प्रशिक्षण

**गरियाबंद ।** लोक आस्था सेवा संस्थान गरियाबंद के द्वारा ओमनिटी फाउंडेशन के सहयोग से डब्ल्यूएलआर परियोजना के तहत छुरा एवं गरियाबंद ब्लॉक के हाटमौह ग्राम में महिला मुखिया को भूमि अधिकार को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।संस्था प्रमुख हेमनारायण मानिकपुरी ने महिला मुखिया को भूमि अधिकार के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जितना जमीन पर पुरुष का अधिकार है उतना ही महिलाओं का अधिकार है।महिलाओं के नाम पर जमीन होने से महिलाये सशक्त एवं आत्मनिर्भर होंगे,स्वयं से निर्णय ले सकेंग,आजीविका के साधन में बढ़ोत्तरी के साथ दूसरो पर निर्भरता कम होगा महिलाओं के ऊपर होने वाले हिंसा में कमी आयेगा।किसान के नाम से पुरषों को जाना जाता है, लेकिन ज्यादातर काम महिलाए करती है।संस्था के सचिव सु लता नेताम के द्वारा वन अधिकार दावा के प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया और जल्द से जल्द दावा फार्म भरकर जमा करने का सुझाव दिया गया ।

## बेमेतरा जिला के निषाद समाज के कवियों का हुआ सम्मान



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

स्वदेशी भवन शांति नगर रायपुर में बेमेतरा जिला के निषाद समाज के कवियों का आरोहण फाउंडेशन के द्वारा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया।जिसमें सर्वप्रथम अंचल के कवि डोमन निषाद डेविल ने छत्तीसगढ़ महतारी के संस्कृति धरोहर जो विलुप्त हो रहे है उसे बचाने की बात की।उसके बाद वरिष्ठ कवि दीपक निषाद ने सामाजिक रचना प्रस्तुत किया।सम्मान की अगली कड़ी में गीतकार व गायक पुरुषोत्तम विद्यार्थी ने अपने सु मधुर स्वर से सभी को मोहित कर लिया।और सम्मान की अंतिम कड़ी के रुप में हास्य रस के नवोदित युवा कवि ईश्वर निषाद ने हास्य कवितापाठ से सभी खुब हंसाया। कार्यक्रम का संचालन बलराम निषाद द्वारा किया गया तथा भागवत निषाद, प्रेमलता निषाद, लरखीराम पारकर जी और संस्था के सभी सदस्यों के अथक प्रयास के यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## ग्राहक हो जाये सावधान, सारंगढ़ बस स्टैंड पूजा सुवीट्स में थिंनर से मिटा कर मनचाहा रेट पर समान बेचा जा रहा

चहेरे पर झुर्रियां होठों पर मुस्कान वाह पूजा सुविट्स वाले जी आप बड़े महान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

आये दिन महंगाई को लेकर हाय तौबा मची हुई है ऊपर से सारंगढ़ बस स्टैंड के पास पूजा स्वीट्स संचालक अग्रवाल द्वारा फ्रिज जूस को मनमर्जी रेट में ग्राहकों को बेच रहे हैं, और बात यही खत्म नहीं होती और देखा जाए तो उस फिज जूस का एमआरपी रेट को थिंनर में मिटा दिया है क्योंकि अगर ग्राहक को सही रेट का पता चला तो बहस करेंगे कहते हैं।




इसी वजह से एमआरपी को मिटा दिया गया है जरा सोचिए कि पूजा सुविट्स के मालिक के कारनामे कितने चकित करने वाला है वहीं मिली जानकारी अनुसार फ्रिज जूस की कीमत कंपनी में एमआरपी में 12 रूपए रखा गया और दुकानदारों को एमआरपी से कम कीमत पर मिलता है ताकि उससे बेचकर 3 से 4 रूपए के लगभग कमा लेते है लेकिन पूजा सूविट्स के मालिक धांधली करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं कंपनी की लगी एमआरपी लेवल मिटा कर उसमे और 2 से 3 रूपए की बढ़ोतरी कर मनमर्जी से बेच रहे हैं इतना ही नहीं 12 रूपए की एमआरपी लेकिन उस कस्टमर को 15 रूपए में देकर ग्राहकों को लूट रहे एमआरपी तो मिटा ही रहे है साथ में एमआरपी से ज्यादा भी बेच रहे है

### फूड एंड सेफ्टी विभाग को हर महीने पहुंचता काले कारनामों का लिफाफा

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार उत्पाद में किसी प्रकार की कोई हेरा फेरी हो या क्वालिटी को लेकर इन सब में पैनी नजर रखने के लिए सरकार ने अलग से विभाग बनाया है फूड एंड सेफ्टी विभाग लेकिन क्या कहे जिनके कंधे पर है जिम्मेदारियों कि पायदान वहीं चोर बन बैठे हैं खास कर सारंगढ़ एक ऐसा जगह है जहा काले कारनामों की कमी नहीं जिसका खूब मलाई खा रहे हैं फूड एंड सेफ्टी विभाग सूत्रों की माने तो हर महीने कड़कते नोटो की लिफाफा पहुंचता है और विभाग ने ही खुद लिफाफा के बदले संरक्षण दे रहा है और खुलेआम काली कारनामों को अंजाम दे रहे है। तो कभी सरकारी दफ्तर से बाहर निकलने का समय ही नहीं मिलता लोगों का जानकारी ना हो जाए कहके कभी कभी इधर उधर भटक लिए करते हैं इतना ही नहीं जब भी कभी किसी प्रकार की कोई जानकारी देना हो जहा काली कारनामे करते कोई नजर आ जाए तो विभाग के आलाधिकारियों के पास फोन उठाने तक का भी समय नहीं मिलता।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in